हरिभूमि
# रायपुर भूमि










**दो दिन में स्टेशन बना नंबर वन**

*स्टेशन का मेंटेनेंस और रंगरोगन केंद्रीय मंत्री या रेलवे के उच्चाधिकारियों के आगमन पर ही होता है। मंत्री का दौरा भले ही रद्द हो गया, लेकिन इसी बहाने राजधानी का स्टेशन एक बार फिर सफाई में नंबर वन दिखाई देने लगा है। महीनों का काम दो दिन में हो गया। अधिकारियों ने प्लेटफार्म पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का फरमान जारी किया था, जिसके बाद से कर्मचारी लगातार रंगरोगन कर कमियों को दूर करने में लगे हुए थे। दौरा रद्द होने के बाद अब कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली। कम समय में सफाई व मेंटेनेंस के कई काम* शेष पेज 11 पर

*केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के आगमन को लेकर महीनेभर का काम हुआ दो दिन में, बंद सुविधाएं भी शुरू*

*पिछले साल भी रेल मंत्री का रायपुर दौरा हुआ था रद्द*

# दो दिन में चमका दिया स्टेशन, बस मंत्री का इंतजार था, ऐन एक दिन पहले दौरा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज रायपुर नहीं आएंगे। उनका दौरा रद्द हो गया है। अब रेल मंत्रालय की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, रेलमंत्री 25 नवंबर को स्पेशल फ्लाइट से दिल्ली से नागपुर आएंगे। नागपुर में ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्प्लाई एसोसिएशन के सालाना कार्यक्रम में शामिल होने के बाद स्पेशल फ्लाइट से वापस दिल्ली लौट जाएंगे। 2022 में 14 शेष पेज 11 पर

**तैयारी में खर्च हो गए लाखों**

बता दें कि मंत्री के स्वागत की तैयारी में ही रेल प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च कर दिए। कमर्शियल अधिकारियों के दफ्तर को रंगरोगन के साथ प्लेटफार्म व पटरियों की भी सफाई कराई गई थी। हर शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा जेवर-कैश किए पार

रायपुर। अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी चार हजार रुपए सहित 40 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, कोलार निवासी भूपेंद्र कुमार साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। भूपेंद्र ने पुलिस को बताया है कि शनिवार को वह कृषि कार्य करने अपनी पत्नी के साथ खेत चला गया। बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल चले गए। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ आलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।



### इंस्टाग्राम आईडी को लेकर धमकी दे रहे बदमाश

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ गाली-गलौज तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, घनश्याम कश्यप ने शिकायत दर्ज कराई है। घनश्याम ने पुलिस को बताया कि 9 नवंबर को उसके घर तीन अज्ञात लड़के आए और उसके बेटे संदीप पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने इंस्टाग्राम पर किसी लड़की की फोटो डालकर आईडी बनाई है। आईडी में अपना नाम संदीप लिखा। आईडी बनाने की बात को लेकर बदमाशों ने घनश्याम के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। घनश्याम के अनुसार, बदमाश उसके घर आकर लगातार धमकी देने के साथ गाली-गलौज कर रहे हैं।



### वाद-विवाद से मना करने पर युवक से मारपीट

रायपुर। गंज थाने में एक युवक ने दो लड़कों तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावांभाठा निवासी पवन विश्वकर्मा ने बाबा करण, अमित ठाकुर के छोटे लड़के तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पवन ने पुलिस को बताया कि बाबा तथा उसके साथी भूपेंद्र के साथ वाद-विवाद कर रहे थे। तब पवन ने वाद-विवाद नहीं करने की सलाह दी। इससे नाराज होकर बाबा तथा साथियों ने पवन के साथ मारपीट की।



### होम एप्लाइंसेस गोदाम से घरेलू सामान चोरी

रायपुर। खमतराई थाने में एक होम एप्लाइंसेस शॉप के इंचार्ज ने अज्ञात चोर के खिलाफ 16 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की घरेलू सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, शुभम कटियार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शुभम ने पुलिस को बताया कि श्रीनगर खमतराई में गावरी मार्केटिंग में वे बतौर इंचार्ज पदस्थ हैं। अज्ञात चोर पिछले माह 29 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच गोडाउन का ताला तोड़कर घरेलू सामान चोरी कर ले गया।



आंबेडकर अस्पताल को नई मशीनें आने तक डीके अस्पताल दिलाएगा राहत, आयुष्मान से होगा भुगतान

# सीटी स्कैन-एमआरआई के लिए सात से दस दिन की वेटिंग, डीकेएस करेगा बोझ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, मगर पुरानी जांच मशीनों को अब तक बदला नहीं जा सका है। कम क्षमता होने की वजह से इन मशीनों से सीमित मरीजों की ही जांच हो पा रही है, जिसकी वजह से एमआरआई, सीटी स्कैन की वेटिंग लंबी रहती है। डीके अस्पताल की मदद से जांच पूरी कर वेटिंग को कम किया जाएगा। नई मशीनें आने तक जांच की आवश्यकता वाले मरीजों को वहां भेजा जाएगा। इसके बदले आयुष्मान योजना से जांच राशि का भुगतान किया जाएगा।

आंबेडकर अस्पताल में प्रदेश के कोने-कोने से मरीज इलाज के लिए आते हैं, मगर आवश्यकता के हिसाब से यहां चिकित्सकीय सुविधाओं को विकसित नहीं किया जा सका है। लंबे समय से यहां एक सीटी स्कैन और एक एमआरआई मशीन के सहारे मरीजों की जांच की जाती है। लगातार उपयोग की वजह से पुरानी हो चुकी मशीनें कम संख्या में जांच कर पाती है, जिसकी वजह से मरीजों अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। जांच रिपोर्ट में देर होने की वजह से मरीजों के इलाज में भी विलंब होता है। यहां नई मशीनें लाने में वक्त लगेगा, तब तक वेटिंग कम करने के लिए डीके अस्पताल में जांच की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है। अपनी क्षमता के अनुसार मरीजों को रखने के बाद शेष को एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए डीके अस्पताल भेजा जाएगा।







**अस्पताल की क्षमता**

- करीब 13 सौ बिस्तरों की क्षमता वाला आंबेडकर अस्पताल
- नियमित रूप से डेढ़ हजार की ओपीडी और ढाई सौ की आईपीडी
- 80 फीसदी मरीजों को रेडियो डायग्नोसिस की आवश्यकता

**उपलब्ध मशीनें**

- एक एमआरआई खराब पड़ी, एक चालू, आवश्यकता एक और की
- एकमात्र सीटी स्कैन, जिसकी रफ्तार धीमी, जरूरत तीन नई मशीनों की
- डिजिटल एक्स-रे की संख्या चार, उतनी ही और मशीनों की और जरूरत

**शीघ्र नोटिफिकेशन**

इस मामले में शीघ्र नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। फिलहाल मरीजों को डीके अस्पताल भी भेजा जा रहा है। जहां जाकर वे अपनी जांच करा सकेंगे। अस्पताल में नई मशीनों की खरीदी के लिए भी प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा रहा है। मंजूरी मिलते ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**- डॉ. संतोष सोनकर,** अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

**सीटी स्कैन में पांच एमआरआई में दस दिन**

दोनों तरह की जांच के लिए एक-एक मशीन होने की वजह से इमरजेंसी को छोड़कर सामान्य तरह के मरीजों को जांच के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसमें सीटी स्कैन कराने की वेटिंग पांच से सात दिन होती है, वहीं एमआरआई कराने की बारी आने के लिए दस दिन तक इंतजार करना पड़ता है। एमआरआई और सीटी स्कैन सेंटर में पांच दिन नियमित जांच की सुविधा है, शेष दो दिन एनेस्थिसिया डे के रूप में बेहोशी की हालत वाले मरीजों की जांच की जाती है।

**जिला अस्पताल से भी राहत**

सालभर पहले जिला अस्पताल में भी सीटी स्कैन की जांच सुविधा प्रारंभ की गई है। यहां के नियमित मरीजों के अलावा आंबेडकर अस्पताल और एम्स के मरीजों को भी जांच की सुविधा दी जाती है। चिकित्सकों के मुताबिक, आंबेडकर अस्पताल में पहले सीटी स्कैन के लिए दस दिन इंतजार करना पड़ता था, अब जिला अस्पताल के सहारे इसकी संख्या आधी हो चुकी है।

**तीन साल पुरानी योजना**

आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को जांच के लिए डीके अस्पताल भेजे जाने की योजना करीब तीन साल पुरानी है, मगर इसके भुगतान सहित अन्य तकनीकी कारणों से इसे कार्यरूप में नहीं लाया जा सका था और मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। मरीजों को होने वाली असुविधा की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वशासी समिति की बैठक में इसका वैकल्पिक इंतजाम करने के निर्देश दिए थे।

## उत्तरी हवा कमजोर होते ही पांच डिग्री तक न्यूनतम तापमान बढ़ने के आसार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उत्तर से आने वाली हवा का प्रभाव कम होने की वजह दो दिन बाद रात के तापमान में वृद्धि होने और ठंड कम होने के आसार हैं। अभी शहर में रात को ठंड है तो सरगुजा के कुछ शहरों में शीतलहर की स्थिति है। महीने के अंतिम सप्ताह में राज्य का न्यूनतम तापमान दो से पांच डिग्री तक बढ़ने की संभावना है।

पिछले चौबीस घंटे में रात के पारे में थोड़ी वृद्धि हुई है, मगर इसका खास प्रभाव उत्तरी इलाके में नहीं हुआ है। वहां का न्यूनतम तापमान आठ से नौ डिग्री के बीच होने की वजह से शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। रायपुर में पारा 15 डिग्री पहुंचा। शहर में भी देर रात के बाद ठंड महसूस हो रही है और इसका प्रभाव सुबह तक है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, नमीयुक्त हवा के प्रवेश से दो दिन बाद ठंड का प्रभाव कम होगा, क्योंकि रात के तापमान में वृद्धि शुरू हो जाएगी। इसका प्रभाव माह के अंत तक रहने का अनुमान है। इसके बाद पुनः उत्तर से आने वाली हवा बढ़ती ठंड लेकर आएगी। रविवार को दिन में हल्के बादल रहने की वजह से तापमान अपनी सामान्य स्थिति में रहा और गर्मी का अहसास भी नहीं हुआ।

**तापमान कितना बढ़ने की उम्मीद**

- जगदलपुर समेत बस्तर में 5-6 डिग्री तक
- रायपुर सहित मध्य में 2-3 डिग्री तक
- सरगुजा समेत उत्तर में 1-2 डिग्री तक

- **सरगुजा में अभी भी शीतलहर की स्थिति, 26 से चढ़ेगा पारा**

**सुकमा ज्यादा अंबिकापुर कम**

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को सुकमा का तापमान 30.7 डिग्री तक पहुंचा, जो सबसे अधिक था। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सबसे कम है। रायपुर में पारा क्रमशः 29.2 और 15 डिग्री दर्ज किया गया। बिलासपुर में दिन का पारा 27.7 और रात का 14.4 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## बरसों से जमे 400 पुलिस वाले हटाए जाएंगे, बदलेगा पुलिसिंग का चेहरा

- थाना, कोर्ट मोहर्रिर से लेकर पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों का तबादला किया जाएगा
- तबादला सूची में ज्यादातर ऐसे पुलिसकर्मी, जो वर्षों से एक ही थाने में जमे


हरिभूमि की खबर का असर
एसएसपी ने कहा- बदले जाएंगे वर्षों से जमे थाना चलाने वाले सेटिंगबाज पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

अपराध पर अंकुश लगाने के साथ कानून व्यवस्था में कसावट लाने एसएसपी के निर्देश पर जमीनी स्तर पर कार्रवाई तेज हो गई है। एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के मुताबिक, आचार संहिता हटते ही जिले के सभी थानों की पुलिसिंग का चेहरा बदलने की तैयारी है। इसके तहत तीन से चार सौ निचले स्तर के पुलिसकर्मियों का तबादला करने की तैयारी है। इनमें कोर्ट मोहर्रिर से लेकर पुलिस लाइन तथा थानों में तैनात पुलिसकर्मियों के नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले डेढ़ महीने के भीतर रायपुर में अचानक से क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। इसके चलते आम शेष पेज 11 पर

**रिकार्ड के आधार पर पोस्टिंग**

सूत्रों के मुताबिक, एसएसपी ने सभी थानों में तैनात पुलिसकर्मियों का रिकार्ड तलब किया है। जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें हैं, उन पुलिसकर्मियों को थाने से दूर रखकर लाइन में अटैच किया जाएगा। सभी थानों के निचले स्टाफ को एसएसपी बदलने की तैयारी में हैं।

**तीन साल पुराने चाकूबाजों की सूची बना रहे**

अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी के निर्देश पर तीन साल पुराने चाकूबाजों की थानों में सूची तैयार की जा रही है। चाकूबाजों की वर्ष 2021-22, 22-23 तथा 23-24 की सूची तैयार की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने अब तक ऐसे तीन सौ के करीब ऐसे बदमाशों की सूची तैयार की है, जो किसी न किसी तरह से चाकूबाजी तथा गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं।

**तड़ीपार बदमाशों की सुध लें थानेदार**

जिन बदमाशों को जिलाबदर किया जाता है, उनके बारे में शिकायत रहती है कि बदमाश जिले से बाहर जाने के बजाय अपने इलाके में छिपे हुए हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को अपने इलाके के जिलाबदर बदमाश के बारे में नियमित जानकारी हासिल कर उनकी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

**लाइन में कई सिपाही ऐसे, जिन्होंने अब तक थाना नहीं देखा**

पुलिस लाइन में कई सिपाही ऐसे हैं, जिनकी अब तक किसी थाने में पोस्टिंग नहीं हुई है। ऐसे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी केवल लॉ एंड आर्डर मेंटेन करने के लिए लगाई जाती है। ऐसे पुलिसकर्मियों की एसएसपी ने अलग से सूची तैयार कर देने के निर्देश दिए हैं। जिन पुलिसकर्मियों की अब तक थानों में पोस्टिंग नहीं हुई है, एसएसपी ऐसे पुलिसकर्मियों की थाने में तैनाती के आदेश जारी कर सकते हैं।

## एमआईसी की बैठक आज, उठेंगे कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में रायपुर नगर निगम की एमआईसी की बैठक सोमवार को दोपहर 3 बजे से होगी। गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में होने वाली बैठक में बूढ़ातालाब के पास बन रही चौपाटी, शहर में अवैध प्लाटिंग, सड़क निर्माण, वेंडिंग जोन जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

- अवैध प्लाटिंग चौपाटी, सड़क निर्माण समेत अन्य विषयों पर होगी चर्चा
- गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में दोपहर 3 बजे होगी बैठक

नगरीय निकाय चुनाव से पहले शहरी सरकार, शहर विकास के मुद्दों को लेकर एमआईसी की बैठक में मंत्रणा करेगी। महापौर एजाज ढेबर ने 25 नवंबर को दोपहर 3 बजे एमआईसी की बैठक बुलाई है, जिसमें बूढ़ातालाब के पास पुराने धरनास्थल पर बन रही चौपाटी को लेकर चर्चा हो सकती है। विदित हो कि श्री ढेबर ने गत दिनों मौके पर जाकर चौपाटी स्थल का निरीक्षण किया था, बिना प्लानिंग के तैयार हुई चौपाटी को हटाने की बात कही थी। बताते चलें कि बूढ़ातालाब के सामने धरनास्थल से लगी जगह पर नगर निगम का कचरा संग्रहण केंद्र शेष पेज 11 पर

**नाले का पानी डायवर्ट कर चल रहा मरम्मत का काम**

**जोरा पानी टंकी से दो दिन से पानी नहीं मिला**

## पाइपलाइन फूटी, खाली रह गई पांच पानी टंकियां

**श्यामनगर, खमतराई, राजेंद्र नगर शंकरनगर, तेलीबांधा पानी टंकी प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छोकरानाला के पास पाइपलाइन लीकेज के बाद अब उद्योग भवन के पास पाइपलाइन डैमेज होने से राजधानी की 5 पानी टंकियों से रविवार को सुबह संबंधित वार्ड के रहवासियों को पीने का पानी तक नहीं मिल पाया। नाले का पानी डायवर्ट कर फूटी पाइपलाइन के मरम्मत का कार्य जल विभाग के इंजीनियरों की मौजूदगी में कराया जा रहा है।

श्यामनगर, खमतराई, राजेंद्र नगर, शंकरनगर और तेलीबांधा पानी टंकी इससे प्रभावित रही। मरम्मत का काम देर रात तक चलेगा। अधिकारियों का कहना है कि सोमवार की शाम तक संबंधित इलाकों में जल आपूर्ति सामान्य हो पाएगी। जोरा पानी टंकी से पिछले दो दिनों से जल आपूर्ति बाधित होने से रहवासी परेशान हैं। दरअसल उद्योग भवन के पास शेष पेज 11 पर


इन पानी टंकियों पर असर
श्यामनगर, तेलीबांधा, राजेंद्र नगर, खमतराई, शंकरनगर, भनपुरी।

**जोरा पानी टंकी से 2 दिन से जल आपूर्ति ठप**



नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित जोरा की पानी टंकी से प्रभावित इलाकों में पिछले दो दिनों से जल आपूर्ति ठप है। सूत्रों के मुताबिक, छोकरानाला के पास पाइपलाइन में शनिवार को बड़ा लीकेज होने से जोरा की पानी टंकी से संबंधित इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। सांई दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शेष पेज 11 पर

## शराब खरीदने गए युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाने में एक युवक ने दो अज्ञात लड़कों के खिलाफ शराब दुकान में शराब खरीदी करने के दौरान उस पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक, चंगोराभाठा निवासी पुष्टराज धीवर ने चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुष्टराज ने पुलिस को बताया कि वह गंज स्थित देशी शराब दुकान में शराब खरीदने गया था, इसी दौरान शराब खरीदने पहले से लाइन में खड़े दो अज्ञात लड़कों ने विवाद करते हुए पुष्टराज के साथ मारपीट की। इस दौरान एक बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर पुष्टराज पर हमला कर दिया। चाकू को हमले से पुष्टराज की उ गली में चोट आई है।





**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### दिवंगत गोपाल वोरा की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा

**रायपुर।** प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा का निधन विगत दिनों हो गया, जिनकी श्रद्धांजलि सभा सप्रे साला स्थित सभागृह में रविवार को हुई। इस अवसर पर प्रदेश के नेताओं, पत्रकारों एवं नागरिकों ने स्व. वोरा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके पत्रकारीय योगदान को सराहा। रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्व. वोराजी से हमारे पारिवारिक रिश्ता था। वे हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते रहे, जब भी मैं चुनाव मैदान में होता तो वे मेरा हौसला अफजाई करते थे। उन्होंने गोपाल वोरा को आदर्श पत्रकार बताया और उन पर पुस्तक प्रकाशित करने का सुझाव दिया ताकि पत्रकारिता की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हो। विधायक सुनील सोनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार गिरीश पंकज, प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर मिश्र, डॉ. अनिल द्विवेदी सहित अनेक नागरिकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शाह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब, भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ तथा रायपुर पुष्टिकर ब्राह्मण समाज ने मिलकर किया था।

### खुशबू को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने



खुशबू अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय इन्हांसमेंट ऑफ कन्वेंशनल डाटा माईनिंग अल्गोरिदम फॉर क्लासिफिकेशन एंड प्रिडक्शन ऑफ लार्ज स्केल एकाडेमिक डाटा इन कंटेक्स्ट ऑफ यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. भावना नराइन की मार्गदर्शन में पूरा किया। वे यूनियन बैंक के पूर्व अधिकारी धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुलेखा अग्रवाल की बहू तथा बिलासपुर निवासी सरला, स्व. बालमुकुंद की पुत्री हैं।

## निधन

### देवेंद्र कुमार शुक्ला

**रायपुर।** भुरका निवासी सेवानिवृत्त



ऑफिसर देवेंद्र कुमार शुक्ला (63) का 24 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 नवंबर को सुबह 9 बजे साकेत विहार पीएम सिटी मार्ग से रायपुरा महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विजय शुक्ला के बड़े भाई और निकेत एवं निकिता के पिता थे।

### अर्चना सिन्हा

**रायपुर।** विशाल नगर निवासी



अर्चना सिन्हा (78) का 24 नवंबर को निधन हो गया। वे सुजीत कुमार सिन्हा, सुजाता राय, पूर्णिता सिन्हा एवं सुष्मिता दास राय की माता थीं।

### सुप्रिया श्रीवास्तव

**रायपुर।** लोहिया कॉलोनी मोवा



निवासी सुप्रिया श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 नवंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय श्रीवास्तव की पत्नी, अंकिता श्रीवास्तव एवं वैभव श्रीवास्तव की माता थीं।

### नलिनी डोये

**रायपुर।** न्यू शांति नगर निवासी



नलिनी हरिश्चंद्र डोये (76) का 24 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे शशिकांत एवं अमित डोये की माता थीं।

# फ्लाइट लेट हुई तो भूखे-प्यासे नहीं रहेंगे यात्री, एयरलाइंस कंपनी करेगी खानपान का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विमानन विभाग ने जारी की गाइडलाइन

धुंध, कोहरे अथवा अन्य किसी कारण से फ्लाइट अगर विलंब से संचालित हुई तो यात्रियों को इसके इंतजार में भूखा-प्यासा नहीं रहना पड़ेगा। फ्लाइट लेट होने पर संबंधित एयरलाइंस कंपनी की जिम्मेदारी होगी कि वह यात्रियों के लिए खाने-पीने का इंतजाम करे। इस बारे में विमानन विभाग ने गाइडलाइन जारी की है।

अक्सर देखने को आता है कि विभिन्न कारणों से फ्लाइट का संचालन अपने निर्धारित समय पर नहीं हो पाता। आने वाले दिनों में कोहरा और धुंध भी विमानों की आवाजाही को प्रभावित करेंगे। उड़ान मे विलंब होने का सीधा असर यात्री सुविधा पर होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए विमानन विभाग के अंतर्गत काम करने वाली संस्था ने विमानन कंपनियों को यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखने कहा है। इसके तहत उन्हें फ्लाइट की लेटलतीफी को ध्यान में रखकर यात्री सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत दो घंटे तक की देरी पर यात्रियों को पेयजल की सुविधा, चार घंटे विलंब होने पर चाय, कॉफी और नाश्ता दिए जाने तथा चार घंटे से ज्यादा विलंब होने पर उन्हें खाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। कई बार इस तरह की स्थिति बनती है कि फ्लाइट किसी वजह से काफी देर लेट हो जाती है, तब यात्रियों को भूखे-प्यासे रहकर इंतजार करना पड़ता है।

## एयरपोर्ट पर फ्लाइट के इंतजार में नहीं रहना पड़ेगा भूखा



### धुंध से रायपुर की उड़ान पर असर

पिछले कुछ समय से धुंध का असर होने की वजह से विभिन्न शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट की संचालन अवधि पर असर हो रहा है। फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे घंटे तक लेट हो रही है। रविवार को सुबह के वक्त मुंबई से रायपुर आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसी तरह दोपहर को दिल्ली से आने वाली फ्लाइट 20 मिनट लेट रही। शाम को दिल्ली फ्लाइट 5.25 के बजाय 6.34 बजे यानी एक घंटे 10 मिनट विलंब से रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई। वहीं रात की मुंबई फ्लाइट भी अपने निर्धारित समय से 8.20 के बजाय आधे घंटे विलंब से रवाना हुई।

## बढ़ सकती है सांस, लंग्स, अस्थमा के मरीजों की समस्या

# धूल-धुंध और बदली से बिगड़ी हवा की सेहत, दो दिनों में हालात और बिगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पूर्व की नमीयुक्त हवा के चलते बदली के साथ धुंध छाई हुई है। इसके चलते हवा की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित हुई है। दीपावली के बाद एक्यूआई का स्तर सवा सौ के पार पहुंच गया है। इस बार सबसे ज्यादा बुरी स्थिति सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र की रही है। सिलतरा में पीएम 2.5 के स्तर के साथ एक्यूआई का स्तर 180 पर पहुंच गया है। पीएम 2.5 का स्तर 300 के पार पहुंच गया। रविवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 170 पर पहुंच गया। एक्यूआई का स्तर 170 पर पहुंचना तय मानक से बहुत ज्यादा है।

गौरतलब है कि ठंड के दिनों में एक्यूआई का स्तर गर्मी के दिनों की अपेक्षा बहुत ही ज्यादा खराब हो जाता है। एक्यूआई का स्तर बिगड़ने की वजह से लोगों को सांस लेने की तकलीफ, सर्दी, जुकाम के साथ कफ की समस्या हो रही है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस साल एक्यू का स्तर ज्यादा खराब है। इसके चलते लोगों को वायरल के साथ सर्दी, जुकाम की समस्या ज्यादा आ रही है। हवा का स्तर खराब होने की वजह से सर्दी, जुकाम जैसी सामान्य बीमारी लंबे समय बाद भी ठीक नहीं हो रहा है।





### सिलतरा की स्थिति ज्यादा खराब

ठंड के दिनों में औद्योगिक क्षेत्र से ज्यादा शहरी क्षेत्र की हवा प्रदूषित रहती है। इस वर्ष शहरी क्षेत्र से ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र की हवा प्रदूषित रही है। सिलतरा में एक्यूआई का स्तर शुक्रवार को अधिकतम 181 पर पहुंच गया, रविवार को एक्यूआई का स्तर 166 रहा है।

### शहरी क्षेत्र में थोड़ी राहत

शहरी क्षेत्र में कृषि विश्वविद्यालय, वीआईपी रोड जैसे क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता अन्य क्षेत्रों की अपेक्षाकृत संतोषजनक रही है। कृषक नगर में एक्यूआई का स्तर 106 से 115 के बीच रहा। भाठागांव, एम्स में एक्यूआई का स्तर पिछले तीन दिनों में 125 से 131 के बीच रहा है।

### मौसम में सुधार नहीं होने पर बढ़ेगी समस्या

जानकारों के मुताबिक, आने वाले दिनों में और नमीयुक्त हवा चलेगी। इस कारण बदली छाई रहेगी। बदली तथा नमीयुक्त हवा के चलते एक्यूआई का स्तर तथा पीएम 2.5 तथा पीएम-10 का स्तर और खराब हो सकता है। इसके चलते पर्यावरण प्रदूषण का खतरा और बढ़ने की आशंका है। इससे बड़ों के साथ बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# गंज मंडी पानी टंकी कमांड एरिया के 6 वार्डों में पाइपलाइन टेस्टिंग

## 12 जगहों पर मिले लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर बिछाई नई पाइपलाइन

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 130 करोड़ की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में गंज पानी टंकी कमांड एरिया के 6 वार्डों में नई पाइपलाइन के टेस्टिंग का काम शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें दर्जनभर जगहों पर पाइपलाइन लीकेज की समस्या सामने आई। जिन जगहों पर पाइपलाइन लीकेज हुई है, वहां मरम्मत का काम 3 दिनों तक चलेगा। बुधवार से मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट 9 वार्डों में दोबारा पाइपलाइन की टेस्टिंग होगी। पानी खपत जांचने 15 वार्डों में 22 हजार वाटर मीटर लगाए जाने हैं, जिसमें से 17 हजार आधुनिक स्वचालित वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। जबकि 5 हजार घरों में नया वाटर मीटर लगाना बाकी है।

दरअसल राजधानी के 15 वार्डों में दिसंबर से 24 घंटे शुद्ध पानी पहुंचाने की तैयारी है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन कंपनी के साथ इस कार्य के लिए अनुबंध किया है। इस प्रोजेक्ट के पूरे होने से शहर की 1.25 लाख आबादी को राहत मिलेगी। प्रयोग सफल रहा तो शहर के अन्य वार्डों में भी इस योजना का विस्तार किया जाएगा। 24 घंटे पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट में 5 साल तक देखरेख व संचालन की शर्त शामिल है। साथ ही पानी का प्रेशर जांचने फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम के लिए अलग से सेटअप रहेगा।



### यहां मिला लीकेज

वार्ड एरिया

*इंदिरा गांधी वार्ड :* किसान मोटर शॉप, झूलेलाल चौक, नहरपारा रोड

*हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड :* सुभाष नगर बस्ती, राज इंजीनियरिंग के पीछे

*हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड :* तैयबा चौक मौदहापारा, जनकबाड़ा टिंबर मार्केट टर्निंग, गफूर मस्जिद, बाल आश्रम कचहरी चौक

*तात्यापारा वार्ड :* नेमीचंद गली नंबर 2, नेमीचंद गली नंबर 4, जेके स्टील गली भैंसथान

# सुनील की जीत से पिछड़ा वर्ग में उत्साह, अभिनंदन की तैयारी

**रायपुर।** भाजपा नेता सुनील सोनी की रायपुर दक्षिण से ऐतिहासिक जीत ने पिछड़ा वर्ग में उत्साह भर दिया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के नेतृत्व में चलाए गए पिछड़ा जगाओ अभियान को उनकी जीत का प्रमुख कारण माना जा रहा है। अब संगठन ने नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी का सामाजिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ अभियान चलाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में इस अभियान के जरिए पिछड़े वर्ग में एकजुटता लाई गई। संगठन ने कम मतदान के बावजूद सुनील सोनी की बड़ी जीत को पिछड़ा वर्ग की ताकत में इजाफा बताया। इनमें संगठन प्रमुख शारदा प्रसाद सोनकर, दयालुराम देवांगन, सोमनाथ साहू, गिरीश यदु और अन्य शामिल रहे। श्री निर्मलकर ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर योजनाओं के सरलीकरण पर चर्चा की जाएगी।

## पेज 09 के शेष ...

### दो दिन में चमका...

मई को भी मंत्री का रायपुर दौरा प्रस्तावित था, जो दो दिन पहले ही रद्द हो गया था। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। मंत्री के दौरे को लेकर रायपुर से बिलासपुर और नागपुर तक रेलवे के अधिकारी स्वागत की तैयारी में जुटे हुए थे। स्टेशन नंबर वन दिखाई दे, इसलिए स्टेशन के प्लेटफार्म को दिन-रात रंगरोगन कराकर देखने लायक खूबसूरत बनाया गया, लेकिन रविवार दोपहर जैसे ही सूचना रेल जोन मुख्यालय में पहुंची कि मंत्री दौरे पर नहीं आ रहे, रेलवे के उच्चाधिकारियों ने भी राहत की सांस ली। बता दें कि रेलमंत्री नागपुर से रायपुर तक तीसरी लाइन का परीक्षण करने वाले थे। इस दौरान अधिकारियों से बैठक भी शामिल थी। दौरा रद्द होने से रेलवे के अधिकारी नियमित जांच व परीक्षण करेंगे।

### तैयारी में खर्च हो...

पुरानी चीज बदलकर नई लगाई गई थी। चार दिनों में स्टेशन की सूरत बदल गई। बता दें कि यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए स्टेशन पर यात्रियों के लिए हेल्प डेस्क तैयार किया गया। अब देखना होगा कि ये सुविधा आगे मिलेगी या फिर केवल मंत्री को दिखाने के लिए इसे लगाया गया था।

### दो दिन में स्टेशन...

उन्हें रविवार रात तक खत्म करने थे। इसके अलावा मंत्री के दौरे से यात्रियों को मिलने वाली कुछ बंद सुविधाएं भी अब शुरू हो गईं।

### पाइपलाइन फूटी, खाली रह...

सिग्नल के बगल में बने नाले को क्रॉस कर स्थापित पाइपलाइन डैमेज होने से शहर की पांच पानी टंकियों से रविवार को सुबह जल आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। प्रभावित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल विभाग ने टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाई। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि 15 लोगों की टीम पाइपलाइन मरम्मत के लिए लगाई गई है। नाले का पानी डायवर्ट करना पड़ रहा है, इसलिए पाइपलाइन मरम्मत के काम में समय ज्यादा लग रहा है। देर रात तक पाइपलाइन मरम्मत का काम पूरा करने टीम जुटी हुई है। सोमवार की शाम तक जल आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद अधिकारियों ने जताई है।

### जोरा पानी टंकी से...

कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शनिवार को पाइपलाइन में लीकेज दुरुस्त करने टेक्नीकल टीम बनाई गई, पर लीकेज मरम्मत नही होने से रविवार को भी सुबह-शाम जोरा पानी टंकी से लोगों को पानी नहीं मिल पाया है। प्रभावित इलाके के रहवासी जोन-9 कमिश्नरी से जब इसके बारे में जानकारी चाहते हैं तो उन्हें सही जवाब नहीं मिल रहा है। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, पाइपलाइन मरम्मत का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

### एमआईसी की बैठक...

है, जहां से चौबीस घंटे तेज बदबू आती है, इसे लेकर आसपास के लोगों ने भी आपत्ति जताई थी। परिषद की बैठक में चौपाटी के औचित्य को लेकर चर्चा हो सकती है। साथ ही दस जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण एमआईसी में रखे जाएंगे।

### बरसों से जमे...

शहरियों में भय का माहौल है। एसएसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच के अलावा सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के साथ चाकूबाजों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निचले स्तर पर कोई पुलिसकर्मी गड़बड़ी करता है तो टीआई को इसकी शिकायत उन्हें तत्काल पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

# अनूपपुर-कटनी तक तीसरी रेललाइन पर मॉडिफिकेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन शुरू होने से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत अनूपपुर से कटनी के मध्य 165.52 किमी तीसरी लाइन का निर्माण 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 101 किमी तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से मध्यप्रदेश के कटनी तक फैला हुआ है। यह रेलमार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है और विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है।

अनूपपुर-कटनी रेलखंड छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख शहरों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ से होकर कटनी के रास्ते उत्तर भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का भी हिस्सा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, राजनांदगांव-कलमना, नागपुर 228 किलोमीटर तीसरी रेललाइन तथा अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है।



### इस वजह से रद्द करनी पड़ती हैं ट्रेनें

नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए 24 से 30 नवंबर तक यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। मौजूदा स्टेशन में एक लाइन जोड़ने में स्टेशन के लेआउट में बदलाव शामिल होता है। यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है, जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है। उदाहरण के लिए सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है। इस स्थिति में बहुत कम संख्या में सीमित ट्रेनों का परिचालन संरक्षा के मापदंडों को पूरा कराते हुए किया जा सकता है। नौरोजाबाद स्टेशन पर यार्ड मॉडिफिकेशन कार्य के दौरान लगभग 600 से अधिक मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर/रेलकर्मी व 8 अधिकारी दिन-रात कार्य को संपादित करेंगे। इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे टी-28, बीसीएम, सीएसएम, यूनिमैट मशीन, पोकलेन, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी उपलब्ध कराई गई हैं।

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता रामजी साहू उम्र 39 वर्ष, पिता श्री कुलंजन साहू, जाति तेली, निवासी न्यू पुरैना चर्च के पास, महावीर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड नं. 4088 4794 7251 है एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम रामजी साहू अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरी पुत्री प्रीति साहू के शाला रिकार्ड में मेरा नाम राम साहू अंकित हो गया है, जो कि गलत व त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री के शाला रिकार्ड में अपना नाम रामजी साहू अंकित करवाना चाहता हूँ।
5. यह कि मै यह शपथ पत्र अपना नाम रामजी साहू को अपनी पुत्री के शाला रिकार्ड में दर्ज करने हेतु समक्ष अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 में लिखी गई बातें निजी जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूँ।

दिनांक :- 04.10.2024

रामजी
सत्यापनकर्ता

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता रामजी साहू उम्र 39 वर्ष, पिता श्री कुलंजन साहू, जाति तेली, निवासी न्यू पुरैना चर्च के पास, महावीर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड नं. 4088 4794 7251 है एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम रामजी साहू अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरी पुत्र समीर साहू के शाला रिकार्ड में मेरा नाम राम साहू अंकित हो गया है, जो कि गलत व त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र के शाला रिकार्ड में अपना नाम रामजी साहू अंकित करवाना चाहता हूँ।
5. यह कि मै यह शपथ पत्र अपना नाम रामजी साहू को अपनी पुत्र के शाला रिकार्ड में दर्ज करने हेतु समक्ष अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 में लिखी गई बातें निजी जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूँ।

दिनांक :- 04.10.2024

रामजी
सत्यापनकर्ता

### मामले की श्रेणी: राजस्व

**संदर्भ :-** जिला - रायपुर तहसील - मंदिर हसौद प.ह.न. - 00027 गनौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440206100006

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम गनौद के वर्तमान भूमिस्वामी स्व. श्यामरतन - पिता/पति- स्व. सोनऊ पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 265(0.0900), 262(0.7800), 160(0.2300), 157(0.0800), 1515(0.6500), 264(0.2600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता बिसवंतीन बाई पिता/पति - स्व. श्यामरतन रात्रे पता - उरला, अभनपुर, उमा बाई पिता/पति - स्व. श्यामरतन रात्रे पता - उरला अभनपुर, कुसुम बाई पिता/पति स्व. श्यामरतन रात्रे पता - उरला, अभनपुर, विजय कुमार रात्रे पिता/पति - स्व. श्यामरतन रात्रे पता - उरला, अभनपुर, अशोक कुमार रात्रे पिता/पति-स्व.श्यामरतन रात्रे पता - उरला, अभनपुर, बसंती बाई पिता/पति-स्व.श्यामरतन रात्रे पता - उरला, अभनपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
Raj kumar sahu
मंदिर हसौद

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलियों पर भारी पड़ा नोटा, 17 प्रत्याशियों को 100 से कम वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में 17 प्रत्याशियों को 100 से भी कम वोट मिले। कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। शेष प्रत्याशियों में अधिकांश निर्दलीय थे, जिन्हें एक-एक वोट के लिए मशक्कत करनी पड़ी। निर्दलियों में सबसे अधिक 881 वोट अंकुश बेरिएकर को मिले। वहीं नोटा को इन सबसे ज्यादा 1147 वोट मिले। चुनाव में सभी निर्दलियों को मिलाकर कुल 2.36 प्रतिशत मत मिले। वहीं अकेले नोटा को 0.81 प्रतिशत मत मिले।


दक्षिण के उपचुनाव में अधिकांश मुस्लिम प्रत्याशी खड़े हुए थे, इनमें से सभी को 200 से कम वोट मिले। चुनाव के दौरान अधिकांश प्रत्याशियों का प्रचार पूरे शहर में कहीं नहीं दिखा। आपसी संबंधों के आधार पर उन्होंने वोट बटोरे। एक प्रत्याशी को छोड़कर किसी को 500 से अधिक मत नहीं मिले। चार सौ से कम मत पाने वाले प्रत्याशियों के केवल दो हैं, इनमें जीतेंद्र शर्मा और चंद्रप्रकाश कुर्रे शामिल हैं। दो सौ से अधिक मत पाने वालों में अखिलेश ब्रम्हदेव शामिल हैं, उनहें 229 वोट मिले। 200 से कम और 100 तक वोट पाने वाले पांच प्रत्याशी हैं। उसके बाद कोई भी प्रत्याशी 100 का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे कम 25 वोट रिजवान को मिले। इनमें से अधिकांश प्रत्याशी वोट काटने के लिए खड़े थे। आम लोगों के बीच उनके नाम का प्रचार न होने से जान-पहचान वालों के वोट उनके खाते में आए। दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कुल 3528 वोट बटोरे।

## 28 की जमानत जब्त, निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक नोटा को मिले 1147 वोट

### भाजपा-कांग्रेस को छोड़ शेष जमानत नहीं बचा पाए

उपचुनाव में 30 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई। इनमें से दो को छोड़कर शेष प्रत्याशी जमानत के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत वोट भी नहीं पा सके। उनकी जमानत जब्त हो गई। अब उन्हें जमानत राशि वापस नहीं मिलेगी। चुनाव के दौरान खर्च का ब्योरा उन्हें देना होगा। चुनाव परिणाम आने के एक माह के अंदर सभी को अपने चुनाव व्यय की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को देनी होगी। खर्च का ब्योरा न देने पर उन्हें आगे चुनाव के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।




## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम से मिलने अस्पताल पहुंचे भूपेश

**रायपुर।** सड़क हादसे में जख्मी हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम का इलाज रामकृष्ण अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनका कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंचे। उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित अनेक नेताओं ने उनसे मुलाकात की। श्री नेताम की कार को शुक्रवार रात बेमेतरा इलाके में पिकअप ने ठोकर मार दी थी। हादसे में उनके अलावा पीएसओ, ड्राइवर तथा एक अन्य को चोटें आई थीं।

### निजात अभियान में शामिल हुए कॉलोनीवासी



**रायपुर।** 75वीं संविधान दिवस के पूर्व संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी लभांडी में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलोनीवासी पुलिस के निजात अभियान में शामिल हुए। इस दौरान विधि विशेषज्ञ, पुलिसकर्मी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवियों ने उपास्थित होकर सामाजिक संदेश देकर कॉलोनीवासियों को जागरूक किया। इस मौके पर नशामुक्ति महाभियान के संयोजक, अधिवक्ता भगवानू नायक, नगर निगम अधिकारी अमित बोस ने कॉलोनीवासियों को जानकारी दी।

### मारवाड़ी समाज के परिचय सम्मेलन के लिए बैठक

**रायपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा मारवाड़ी समाज का सामूहिक परिचय सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित करने एक बैठक होटल में रखी गई। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि सभी समाज के युवक-युवती के विवाह में आ रही दिक्कत को देखते हुए जैन, अग्रवाल, माहेश्वरी, गुप्ता, खंडेलवाल समाज का एक प्रदेश स्तरीय सामूहिक परिचय सम्मेलन शीघ्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

## दूसरी ट्रेनों पर बढ़ा दबाव, इसलिए हर दिन विवाद की स्थिति

# ट्रेनें रद्द होने से भीड़ बढ़ी तो जगह के लिए रोजाना विवाद, थोक में शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेनों के लगातार रद्द होने की वजह से समान रूट पर चलने वाली दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से यात्री दूसरी ट्रेनों में रिजर्व सीटों पर भी कब्जा जमाने से नहीं हिचक रहे हैं। इस वजह से हर दिन ट्रेनों में विवाद की स्थिति बन रही है। जनरल से लेकर स्लीपर कोच तक लगातार सीटों को लेकर झगड़े हो रहे हैं। ऐसे में सीटों का विवाद सुलझाने टीटीई और आरपीएफ जवानों को सामने आना पड़ रहा है। आरपीएफ और टीटीई को हर दिन 20 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं, जिसे सुलझाने वे यात्रियों को उनकी सीटें दिला रहे हैं। साथ ही बगैर टिकट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई भी कर रहे हैं।

दरअसल पटरियों के काम के चलते 30 ट्रेनों के प्रभावित होने के बाद रविवार को गोंदिया, नांदेड़, विशाखापट्टनम सहित नागपुर रूट की ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अचानक ट्रेनों के रद्द होने की वजह से यात्रियों को तत्काल में भी टिकट नहीं मिल रहा। इस वजह से ज्यादातर यात्री एक्सप्रेस का टिकट लेकर ट्रेनों में सफर कर रहे और रिजर्व सीटों पर कब्जा जमा रहे हैं। यह एक दिन की स्थिति नहीं, बल्कि हर बार ट्रेनों के रद्द होने से इसी तरह के विवाद सामने आते हैं। ट्रेनों के रद्द होने से लगातार आरपीएफ को यात्रियों से सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वेटिंग टिकट के यात्री दिन में खड़े होने या फिर दूसरे यात्री की सीट शेयरिंग से समय गुजार लेते हैं, लेकिन रात में यात्रियों को सीट के नीचे बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। रात के वक्त अपनी जगह से बाथरूम जाने या ट्रेन से नीचे उतरने में भी यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।



### स्लीपर में भी रात का सफर मुश्किल

रात के वक्त स्लीपर कोच की दशा भी जनरल कोच जैसी होने लगी है। वेटिंग यात्री सीट के नीचे बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। वहीं जनरल कोच में आरक्षण की बंदिशें हटने के बाद रात के वक्त कोच के भीतर प्रवेश करना तक मुश्किल हो गया है। भारी भीड़ देख यात्री भी स्लीपर में चढ़ने लगे हैं। कोच में अन्य यात्री न आएं, इस वजह से जनरल कोच का दरवाजा यात्री रात में बंद कर देते हैं। इस वजह से मजबूरी में यात्रियों को स्लीपर कोच में चढ़ना पड़ता है। कई यात्रियों ने ट्रेनों में भारी भीड़ की तस्वीर ट्विटर पर अपलोड कर मदद की गुहार लगाई है।



### हर दिन 20 से अधिक शिकायतें

ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। ट्रेनों में तैनात आरपीएफ जवानों को हर दिन यात्रियों के ओर से सीट पर कब्जे की शिकायतें मिल रही हैं। आरपीएफ जवान ट्रेनों में यात्रियों को उनकी सीट दिलाने में मदद कर रहे हैं। वहीं बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई भी जा रही है। एमपी, विशाखापट्टनम समेत दिल्ली रूट की ट्रेनों में आरपीएफ और टीटीई को दिन में अधिक शिकायतें मिली हैं। वहीं दिन की तुलना रात में अधिक समस्या होती हैं। कई यात्री पहले से दूसरे यात्री की सीट पर कब्जा कर लिए होते हैं। आरक्षित यात्री के पहुंचने पर उन्हें पूरी सीट नहीं मिल पाती, इस वजह से कंफर्म टिकट के यात्रियों को सोने में दिक्कत होती है। शिकायत पर तत्काल टिकट जांच कर मदद की जाती है।

# बढ़ते अपराध पर नकेल कसने से चाकूबाजी में 40 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




- पिछले वर्ष की तुलना में 171 के बजाय 102 चाकूबाजी की घटनाएं
- छेड़छाड़, रेप की घटनाओं में कमी के साथ हत्या की वारदातें बढ़ीं

पुलिस ने पिछले वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार की है। पुलिस द्वारा तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं में तीन प्रतिशत की आंशिक कमी आई है। चाकूबाजी की घटनाओं में 40 प्रतिशत कमी हुई है। हत्या की वारदातों में इस वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में फरवरी से अक्टूबर के बीच 8224 अपराध दर्ज किए गए थे। इस वर्ष इसी अवधि में 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष जहां अलग-अलग थानों में 171 चाकूबाजी की घटनाएं हुई थीं। इस बार 102 चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं।

*ये है स्थिति : रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच 58 हत्या की वारदातें हुई हैं। पिछले वर्ष 54 हत्याएं दर्ज की गई थीं। इसी तरह से छेड़छाड़, यौन हिंसा के मामले में चाकूबाजी के बाद सबसे ज्यादा कमी आई है। पिछले वर्ष 164 छेड़छाड़ तथा यौन हिंसा के मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष 118 मामले दर्ज किए गए हैं। इस तरह से यौन हिंसा से जुड़े मामले में 28 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस के अनुसार मारपीट, चोरी के मामले में 9 तथा 3 प्रतिशत की कमी आई है। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री रोकने चलाई जा रही मुहिम के चलते अपराधों में कमी आई है।*

### किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार से की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर विष्णुदेव सरकार को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में बताया कि प्रदेश में धान खरीदी पर संकट के बादल गहराने लगे हैं, जिसके कारण प्रदेश की सभी राइस मिल किसान मोर्चा को दी जाएं, वे लीज पर 66 रुपए में मिलिंग करेंगे। राइस मिलरों द्वारा धान नहीं उठाया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कत हो रही है। साथ ही राइस मिलरों पर एस्पा कानून लागू किया जाना चाहिए। धान खरीदी की तौल में कमी आ रही है और नापतौल विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मशीनों में सील नहीं लगाई गई है, जिससे किसानों को धान बेचने में नुकसान हो रहा है। सरकार सारी व्यवस्था जल्द से जल्द करे। इसके अलावा किसानों की कई समस्याएं हैं।

# रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




- फुंडहर और लभांडी पानी टंकी के इंटर कनेक्शन के लिए फंड संबंधी प्रस्ताव
- आईटीएमएस के मेंटेनेंस को लेकर हो सकती है चर्चा

रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में जल्द आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी के आउटर वार्ड में अमृत मिशन के तहत बनाए गए गांव फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए नगर निगम को फंड उपलब्ध कराने क प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह जयस्तंभ चौक स्थित नगर निगम के मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के टॉप फ्लोर में संचालित आईटीएमएस के हैंडओवर और मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

दरअसल नगर निगम द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी को पत्र लिखकर अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने फंड मांगा गया है। जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 नई पानी टंकी बनकर तैयार हैं, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए निगम के पास फंड नहीं है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद भी इसकी मंजूरी नहीं मिली।

### बोरवेल्स और कुंए के भरोसे ग्रामवासी

दोनों गांवों के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि अमृत मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर बनाई गई नई पानी टंकी मात्र शोपीस बनकर रह गई है। डेढ़ साल से अटके काम को पूरा कराने नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को पत्र भेजा गया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में रखे जाने की तैयारी है।

## 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बोरियाखुर्द के खेल मैदान में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए भूमिपूजन व ध्वजपूजन रविवार को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छूराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे-बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाह दिवस इत्यादि विविध संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। इसी दौरान रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है।

# ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग, दो दबोचे गए, गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान से बचने शरारती वाहन चालकों द्वारा नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइंस पुलिस ने नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर वाहन चलाने के आरोप में दो दोपहिया वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस 318(4), 319(2), 338, 336 (3), 340(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, अरुण अवस्थी, दीपक देवांगन की शिकायत पर ताजनगर निवासी मोहम्मद अहमद तथा राजा तालाब निवासी भावेश सावरकर को गिरफ्तार किया गया है। अरुण तथा दीपक ने पुलिस और ट्रैफिक थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके वाहन का पिछले कई महीनों से लगातार ई-चालान आ रहा है। ई-चालान उन जगहों से है, जहां उनकी दोपहिया संबंधित तारीख को उस क्षेत्र से गुजरी ही नहीं है।

### आईटीएमएस के माध्यम से हुआ खुलासा

पुलिस के मुताबिक, शिकायत के आधार पर आईटीएमएस के माध्यम से वाहन मॉडल तथा वाहन नंबर की तसदीक की गई। नंबर तसदीक करने पर संबंधित वाहन अरुण तथा दीपक का नहीं होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों के बारे में जानकारी जुटाकर नंबर टेंपरिंग कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गिरफ्तार किया।



- शरारती वाहन चालकों ने निकाला बचने का रास्ता
- ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लगातार आ रहे थे ई-चालान
- असल वाहन नंबर के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

*10 साल से ज्यादा सजा का प्रावधान*

*नंबर प्लेट टेंपरिंग कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। दर्ज धाराओं में आरोप सिद्ध होने पर 10 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने से बचने की सलाह दी है।*

### 53 हजार का चालान आने पर की शिकायत

पुलिस के अनुसार मोहम्मद ताज नंबर टेंपरिंग कर वाहन नंबर सीजी 04 पीसी 3569 चला रहा था। उस नंबर के कुल नौ ई-चालान जनरेट हुए थे। नौ ई-चालान में 39 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। इसी तरह से भावेश टेंपरिंग कर सीजी 04 पीटी 5289 नंबर से वाहन चला रहा था, उस नंबर से कुल चार ई-चालान जनरेट हुए और 14 हजार रुपए चालान कटा है।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

# पार्किंग ठेका की कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली सफाई की सुविधा देने प्लानिंग के बाद फाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रावांभाठा में बसाए गए ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्था बहाली के लिए जुलाई 2023 में की गई प्लानिंग की अधिकारी बदलते ही हवा निकल गई। यहां स्ट्रीट लाइट, पानी के साथ ही सफाई की बेहतरी के लिए निगम के पास कर्मचारी भी नहीं हैं। इसे देखते हुए बिरगांव निगम के पूर्व आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ट्रांसपोर्ट नगर के 6 बड़े और दो छोटे पार्किंग में वाहनों की पार्किंग से होने वाली कमाई से वहां सुविधा बढ़ाने के लिए तैयारी की थी। उनका ट्रांसफर होते ही मसौदे की फाइल ही बंद कर दी गई है। रायपुर निगम ने जिस तरह से बस स्टैंड में पार्किंग के लिए शुल्क तय किया है। उसी तर्ज पर बिरगांव की सामान्य सभा में भी वार्ड 13 में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की पार्किंग के लिए दरें तय की गई। इस संबंध में पक्ष- विपक्ष की सर्व सहमति से 30 जुलाई 2023 को निगम की सामान्य सभा में सहमति भी मिली। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों की आपत्ति और विरोध को देखते हुए इस मामले में दोबारा विचार करने के लिए संयुक्त रूप से मीटिंग का दावा किया गया। इसके बाद चुनावी तैयारी के चलते मामले की फाइल दब गई।अब आयुक्त बदलने के बाद निगम के प्रतिनिधियों ने खुद आगे आने और मामले में निर्णय लेने की बजाय इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

## बिरगांव निगम आयुक्त बदलते ही तालमेल बनाने मीटिंग भी नहीं हुई इसलिए..

### तीन महीने निगम चलाता पार्किंग

निगम की सीमित आय और ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई के साथ ही मूलभूत सुविधा को मेंटेन करने के लिए वाहनों की पार्किंग दर निर्धारित की गई। इसमें प्रावधान किया गया कि निगम द्वारा तीन माह तक स्वयं वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल की जाएगी। इसके बाद ही निगम प्रशासन द्वारा टेंडर के तहत ठेका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले ही विरोध और आपत्ति के चलते ठंडे बस्ते में है। इससे ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई और सुरक्षा का बुराहाल है। इसके लिए प्रयास करने की बजाय जिम्मेदार प्लानिंग को ही भूल गए हैं।

### 24 घंटे के लिए तय पार्किंग दरें

01. टेक्टर, मेटाडोर रु. 150
02. बैकहोलोडर, पैलोडर- रू. 200
03. ट्रक (06 चक्का) रू. 200
04. ट्रक (10 से 12 चक्का) रू. 250
05. ट्रक- 12 से 20 चक्का ट्राला, रू. 300

### मामले जल्द चर्चा की जाएगी

पूर्व आयुक्त की मंशा के तहत ही ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग को लेकर प्लानिंग की गई थी। उसे सामान्य सभा में मंजूरी मिली, लेकिन विरोध की वजह से निर्णय नहीं ले पाए हैं। जल्द ही इस मामले में चर्चा की जाएगी।

**-नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांधा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



## सिटी इवेंट

# मैराथन से करेंगे स्वस्थ जीवन की नई शुरुआत, मिलेंगे फिटनेस टिप्स




**रायपुर**। प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित अखबार हरिभूमि और हरिभूमि समूह के आईएनएच चैनल द्वारा एक दिसंबर को राजधानी रायपुर में फ्रीडम रायपुर रन मैराथन दौड़ का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। इसमें दस और पांच किलोमीटर के दो वर्ग रखे गए हैं। प्रदेशभर से हजारों लोगों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। जनप्रतिनिधि समेत खेल समितियां भी सेहत के प्रति लागों को जागरूक करते हुए मैराथन के लिए प्रेरित कर रही हैं। बता दें कि रोजाना दौड़ को जीवन में शामिल करने के लिए कई लोग मैराथन से इसकी शुरूआत करने जा रहे हैं। हरिभूमि समाचार पत्र के साथ सोशल मीडिया से जानकारी मिलने के बाद विभिन्न जिलों के गांव से भी धावकों ने अपना पंजीयन कराया है। मैराथन में डॉक्टर की टीम उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के जरिए लोगों को सेहत के प्रति जागरूक किया जाएगा। शरीर को फीट किस तरह रखा जा सकता है, इसके विशेष टिप्स भी दिए जाएंगे। लाइफ स्टाइल सही करने को लेकर डॉक्टर से बातचीत भी कर सकेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री की अपील मिलकर लगाएं दौड़

मैराथन को लेकर जनप्रतिनिधियों का कहना है कि स्वस्थ शरीर के लिए दौड़ना जरूरी है। शहरवासियों से अपील भी कर रहे हैं कि हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज के कार्यक्रम के साथ जुड़ें। प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, लोगों को स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने का कार्य हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज द्वारा किया जा रहा है। योजना के साथ अधिक से अधिक शहरवासी जुड़ने का प्रयास करें। दौड़ लगाकर अपने शरीर को तंदुरुस्त बनाएं। उन्होंने शहर में होने वाले इस आयोजन की सराहना की। राज्य खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि दौड़ना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए बेहतर होता है। सभी शहरवासियों से अपील है कि वे दौड़ के माध्यम से जनजागरूकता योजना में शामिल हों। मैराथन से जीवन में दौड़ को शामिल करें और स्वस्थ रहें।

### विजेताओं को 50 हजार नगद

दस किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नगद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर के वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी के साथ सभी प्रतियोगियों को टी-शर्ट और प्रतियोगिता में शामिल होने का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता में किसी भी वर्ग के धावक शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगी अपना पंजीयन कराने के लिए **ironlife.in** में जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन शुरू होने के बाद अब छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से धावक खिलाड़ी, युवा समेत दिव्यांग भी बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए पंजीयन करवा रहे हैं। मैराथन में सेहत के प्रति जागरूक करने एक साथ मिलकर दौड़ लगाएंगे। 10 किलोमीटर की एक दौड़ सुबह 6:30 बजे शुरू होगी और दूसरी 5 किलोमीटर की दौड़ सुबह 7 बजे से होगी।

### मैराथन में इनका विशेष सहयोग

फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लवार आइल एसोसिएट, भारतवासी अगरबत्ती, कान्क्रेट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस आर(वन), रूगटा समूह, रामा टीएमटी, वचन, इफ्को , संजीवन कैंसर केयर फाउंडेश्न, एएसए एडवरटाइजमेंट, विशेष छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का है।

## लाइव इवेंट

# छत्तीसगढ़ी गीतों पर थिरके कदम



रायपुर। पैरा का उपयोग करके छावनी के साथ ही सुपा और टोकनी में फूलों को सहेजते हुए स्टेज सजाने का क्रम मरीन ड्राइव में सुबह से शुरू था। इसे आते-जाते देखने वाले भी यह जानने का प्रयास कर रहे थे कि यह अनोखा और पारंपरिक मंच किसके लिए सजाया जा रहा है। शाम होते ही जब छत्तीसगढ़ी लोक गीत-संगीत की महफिल सजी तो आने-जाने वाले लोग भी सजाई गई कुर्सियों पर सर्द शाम में भी चाय की चुस्की लेते हुए बतौर दर्शक जमने लगे। चर्चित छॉलीवुड कलाकार विजय मिश्रा विजय ने माइक थामा, तो दर्शकों को अंदाजा लग गया कि स्थापना दिवस को उत्सव का रूप दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साही, हितेश तिवारी और जितेन्द्र यादव की अगुवाई में यह आयोजन हुआ। लोक गायक और फिल्म अभिनेता सुनील तिवारी एंड ग्रुप ने छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत की महफिल सजाई। मया नई मिलय रे...जैसे कई पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी गई। यह सिलसिला रात 10 बजे तक चला।

### संवर्धन के लिए प्रयत्न

वहीं पद्मश्री एवं विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब ने छत्तीसगढ़ी को राजभाषा के रूप में सम्मान व पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए प्रयास करने और संगठन से जुड़े युवाओं की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व डॉ.अभिलाषा बेहार सहित कई अतिथि वक्ताओं ने गीत-संगीत के बीच चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास और संवर्धन के लिए किस तरह के प्रयास हो सकते हैं, जैसे कई कई बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।



> एनसीसी कैडेट्स ने जब घुड़सवारी सहित युद्ध कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया तो दर्शक अपलक उन्हें निहारते रहे। पुलिस परेड ग्राउंड में 76वें एनसीसी दिवस पर कार्यक्रम रखा गया, जहां ये नजारा देखने को मिला। छत्तीसगढ़ बटालियन नेशनल कैडेट कोर द्वारा यह आयोजन किया गया। एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को कैडेट्स ने यहां चरितार्थ किया।

# एकता और अनुशासन...

## 76वां एनसीसी दिवस : पुलिस ग्राउंड में परेड सलामी एयरक्राफ्ट, युद्ध कला प्रदर्शनी एवं घुड़सवारी



रायपुर। पुलिस ग्राउंड में जल, वायु और थल विंग के एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे। इस दौरान प्लाटून में सौ से अधिक कैडेट्स की उपस्थिति बनी रही। परेड सलामी के दौरान कदम से कदम मिलाकर सभी कैडेट्स एक कतार में नजर आए। परेड की तैयारी बीते बीते एक सप्ताह से की जा रही थी। इसमें 8 गर्ल्स बटालियन, 27 बटालियन ब्वॉयज, 5सीटीआई, 3 सीजी एयर विंग और एक सीजी नेवी के कैडेट्स शामिल रहे।

### जानकी ने संभाली कमान




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन गया, जहां प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों से एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। कार्यक्रम में परेड, प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहा, जहां 250 से अधिक कैडेट्स एवं परिजन उपस्थित रहे। रविवार को आयोजित कार्यक्रम की मेजबानी एडिशनल डायरेक्टर जनरल मप्र-छग विक्रम एम धुमने द्वारा किया गया। समारोह का संचालन कर्नल सौरभ कुमार और ले.कर्नर प्रदीप कुमार नायर द्वारा किया गया। परेड कमांडर जानकी साहू के दिशा-निर्देश पर परेड को सलामी दी गई। इससे पहले वे 15 अगस्त पर परेड कमांडर के रुप में प्लाटून को गाइड कर चुकी हैं।

### परंपरागत माध्यम से पहुंचाई युद्ध की सूचना

नेवल यूनिट एनसीसी कैडेट द्वारा देश की परंपरागत सूचना प्रणाली का प्रदर्शन भी किया गया। इसमें मुख्यमंत्री द्वारा संदेश का संप्रेषण कैडेट्स को किया गया, सूचना प्राप्त कर कैडेट्स ने सीमा वॉर का प्रदर्शन किया। दो फ्लैग के माध्यम से एक जहाज से दूसरे जहाज तक सूचना पहुंचाने का कार्य करने की परंपरागत प्रक्रिया का प्रदर्शन करने के पश्चात अंत में लिखी सभी सूचनाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष पढ़ा गया।

### अनुशासन का निर्माण

मुख्यमंत्री ने संबोधन में कहा, एनसीसी से युवाओं में अनुशासन का निर्माण होता है। राज्य की नई औद्योगिक नीति और शिक्षा नीति में एनसीसी कैडेट्स के लिए विभिन्न योजनाएं शामिल की गई हैं। वर्तमान में एनसीसी में युवाओं की अधिक भागीदारी गौरव का विषय है। विक्रम धुमने ने कहा, प्रत्येक राज्य में एनसीसी बटालियन का निर्माण किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 10 से अधिक एनसीसी कैडेट्स का अग्निवीर में चयन हुआ है। भारत सरकार द्वारा भूतपूर्व एनसीसी कैडेट्स को एकजुट करने के उद्देश्य से इंडिया एनसीसी वेबसाइट का निर्माण किया गया है, जिसमें कैडेट्स पंजीयन कराकर अपनी जानकारी दे सकते हैं।

### घुड़सवारी में जंपिंग शो का प्रदर्शन

दुर्ग अंजोरा के सीजी आरएनवी यूनिट कैडेट्स द्वारा घुड़सवारी का प्रदर्शन किया गया। एनसीसी दिवस पर घुड़सवारी आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसमें तीन कैडेट्स व उनके साथियों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटेरी। ग्राउंड में 100 मीटर का ट्रैक तैयार किया गया, जिसमें केवल 6 सेकंड में दुश्मनों को मार गिराने की युद्ध कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कैडेट देवेन्द्र और तैमूर घोड़े की जोड़ी ने शानदार प्रस्तुति दी, जिनका चयन साल 2025 में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के परेड स्थल के लिए किया गया है। 'शो जंपिंग'के दौरान लगातार 5 मिनट प्रस्तुति दी गई, जिसमें संजय और वीरा (घोड़ा) के साथ राइडर सूरज और विजेता द्वारा प्रस्तुति दी गई।



### रामायण के अंशों का चित्रण

गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा.., जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा... संगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान समूह में एनसीसी कैडेट्स द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कृष्ण लीला की प्रस्तुति भी की गई, इसमें श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी... भजन पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति हुई। नाट्य मंचन में रावण और शिव भक्ति दिखाई गई। श्रीराम व माता सीता का वनवास, सीता हरण, राम व रावण का युद्ध की प्रस्तुति दी गई।




### हवा में दिखाए करतब ने चौंकाया

3 छग एयर एनसीसी की कैडेट्स सार्जेंट नेहा शुक्ला एवं सार्जेंट मोहम्मद इमराज द्वारा एयरक्राफ्ट के बीच युद्ध का शानदार प्रदर्शन किया गया। एयर विंग के पायलट द्वारा डॉग फाइट और एरो मॉडलिंग की प्रदर्शनी दी गई। इस दौरान 16 मीटर के वायर के साथ हवा में एयर करतब दिखाया गया। 10 मिनट की प्रस्तुति में दर्शकों की निगाहें मैदान की ओर बनी रही। एयर विंग द्वारा हवा का दिशा अनुमान लगाते हुए संयम एवं कौशल की प्रस्तुति इस दौरान देखने को मिली। वहीं 27-छग बटालियन के कैडेट्स ने फैजी सेना की टुकड़ी किस प्रकार युद्ध में दुश्मनों का सामना करती है, इसका प्रदर्शन किया गया। इसमें दुश्मनों और आर्मी सेना के जवानों का युद्ध देखने को मिला। युद्ध के दौरान संदेश भेजने की प्रक्रिया एवं लड़ाई की कौशल कला पर जोर दिया गया।

ट्रिपलआईटी दिल्ली में हुआ इनोहेल्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

# ग्लूकोज की बोतल खत्म होने पर खुद देगी वॉर्निंग अनुपस्थित रहा स्वास्थ्य कर्मचारी तो फोन से नजर

**रायपुर**। एनआईटी के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता यंग इनोवेटर्स अवार्ड में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की इस टीम में ऋषभ रंजन झा (बायोमेडिकल इंजीनियरिंग), विष्णु दीक्षित (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) और अमन कुमार शर्मा (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) शामिल रहे। ट्रिपलआईटी दिल्ली में 7वां इनोहेल्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में आयोजित किया गया था। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट स्मार्ट इलेक्ट्रोलाइट लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए दूसरा स्थान प्राप्त किया है।




### बताएगा दूसरी दवा की आवश्यकता कब

टीम ने एक न्यू जनरेशन आईवी फ्लूइड स्टैंड विद सेल्फ एडाप्टिव टाइमर एंड आईओटी इंटीग्रेशन बनाया है। इस स्टैंड की खासियत यह है कि इसके प्रयोग से अस्पतालों में मरीजों को चढ़ाई जाने वाली ग्लूकोज इत्यादि दवाओं का निश्चित समय बताया जा सकेगा। इस स्टैंड के प्रयोग से यह पता लगाया जा सकेगा कि बॉटल कितने समय में खाली हो जाएगी और मरीज को दूसरी दवा या बॉटल कब चढ़ाई जा पाएगी। इस स्टैंड की एक और खासियत है कि किसी समय पर स्वास्थ्य कर्मचारी के निर्धारित स्थान पर न होने की स्थिति में आईओटी इंटीग्रेशन सिस्टम से वह अपने फोन से ही इस पर नजर रख पाएगा।

### निश्चित चिन्ह पर आने के बाद संदेश



एक निश्चित मार्क पर आने के बाद यह स्टैंड चेतावनी संदेश भी भेज देगा कि अब बॉटल खाली होने वाली है और उसे बदल दिया जाए। इस अदभुत इनोवेशन के लिए टीम ने इसका विभिन्न स्तर पर परीक्षण भी किया है और ऐसे 2 स्टैंड का निर्माण किया है, जिसमें से एक आईओटी इंटीग्रेशन सुविधा के साथ और एक बिना आईओटी इंटीग्रेशन के साथ आता है। इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सौरभ गुप्ता ने टीम के मेंटोर की भूमिका निभाई।

### धम्म संस्कार में जुटे बुद्धिस्ट



रायपुर। आम्बेडकराईट्स बुद्धिस्ट सोसाइटी नागपुर एवं पंच शील बौद्ध कल्याण समिति द्वारा डब्लूआरएस कॉलोनी स्थित भवन में धम्म संस्कार शिविर का आयोजन किया गया था। धम्म संस्कार शिविर में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सरल तरीके से बौद्धों के सन त्यौहार और बौद्धों के संस्कार को बताया गया। 22 प्रतिज्ञा के आधार पर नया समाज का निर्माण कैसे किया जाए, इस पर सभी ने अपने मत रखे। समाज में व्याप्त अंधश्रद्धा व कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया गया। बुद्ध धम्म के विरुद्ध विसंगत आचरण कर्म कांड, अंध श्रद्धा तथा सामाजिक चेतना का अभाव आदि विषयों पर चिंतन किया गया। सभी उपासकों ने धम्म संस्कार शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठाया। जिसमें मुख्य मार्गदर्शक के रूप में नागपुर से आए रवि सागर डम्बारे, अर्चना डोंगरे, मूर्ती डोंगरे, राजीव अम्बादे, नायब राजकुमार रंगारी शामिल रहे।

शहर में हुई जिला स्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा, विजेता करेंगे रायपुर का प्रतिनिधित्व

कार्नर न्यूज

# फास्ट फूड नहीं खाते बॉक्सर, कहा-घर का खाना सबसे बेहतर निर्धारित वजन वर्ग में बने रहने के लिए डाइट पर पूरा फोकस


**रायपुर**। मुकाबले से पहले हम फास्ट फूड खाना पूरी तरह से बंद कर देते हैं। अन्य दिनों में भी अत्यंत कम मात्रा में कभी-कभी ही इसका सेवन करते हैं। ये कहना है शहर के बॉक्सर्स का वे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सुभाष स्टेडियम में जुटे। स्पर्धा का आयोजन वेट कैटेगरी के अनुसार किया गया, जिमसें 18 से 30 वर्ष के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश ऐमट बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 16वें छग स्टेट सीनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिलास्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इनमें से विजेता प्रतिभागियों का चयन राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया है।



### दिसंबर में होगी राज्य स्तरीय स्पर्धा


एसोसिएशन के कोच विवेक साहू ने बताया, राजधानी स्तर पर एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें मंदिर हसौद, सुभाष स्टेडियम सहित शहर में अन्य स्थानों पर संचालित बॉक्सिंग क्लास के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विजय बंजारे, अकाश साहू, कुश चन्द्राकर, सौम्या राज सिंग, पूजा सिंग, राज बाला राणा, छाया पटेल के मध्य स्पर्धा हुई। स्पर्धा में चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर दिया जाएगा। दिसंबर माह में भिलाई स्थित जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड में 2 से 4 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है।

### डाइट प्लान का सख्ती से पालन



नेशनल लेवर खिलाड़ी विजय बंजारे ने कहा, बीते पांच सालों से बॉक्सिंग कर रहा हूं। खेल में रुचि होने के कारण कक्षा 12वीं के बाद बॉक्सिंग में दाखिला लिया। प्रतियोगिता से 1-2 महीने पहले ही डाइट प्लान फॉलो किया जाता है। जिसमें फास्ट फूड खाने की मनाही होती है, इस दौरान घर का समान्य भोजन ही शरीर के लिए सबसे बेहतर होता है। इसमें फल, सलाद और हरि सब्जियों को ही अधिक मात्रा में खाया जाता है।

### सामान्य भोजन से नहीं होती किसी प्रकार की समस्या



छाया पटेल ने बताया, बीते चार सालों से बॉक्सिंग कर रही हूं। शहर के महिला बॉक्सिंग खिलाड़ियों में सबसे बड़ी चुनौती पार्टनर की होती है। अधिकतर महिलाएं बॉक्सिंग खेल से दूर रहती हैं, जिसके कारण शहर में महिला खिलाड़ियों की कमी है। जिसके कारण प्रैक्टिस पुरूष खिलाड़ियों के साथ करती आ रही हूं। प्रतियोगिता के दौरान रोजाना 5-6 घंटे प्रैक्टिस किया जाता है। आने वाले भविष्य में बॉक्सिंग फिल्ड में आगे बड़कर देश के लिए खेलने की इच्छा है। प्रतियोगिता के दौरान समान्य भोजन ही सबसे फायदेमंद होता है, इसमें किसी भी प्रकार की समस्या खिलाड़ियों को नहीं होती।

**धर्म लाइव**

# जेल में गूंजी गुरबाणी, सजाया गया दीवान, शबद कीर्तन में खोए



**रायपुर।** हर साल की तरह केन्द्रीय जेल में सजा काट रहे कैदी भाइयों के साथ गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने धन धन श्री गुरुनानक देवजी का पावन प्रकाश भक्तिमय माहौल में मनाया। इस वर्ष भी सेंट्रल जेल के प्रार्थना सभा कक्ष में गुरुग्रंथ साहेब का प्रकाश कर दीवान सजाया गया। जहां मुख्य ग्रंथी भाई दया सिंह की कथा के बाद भाई मक्खन सिंह के शबद कीर्तन ने सेंट्रल जेल को भक्ति रस से सरोबार किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि जाने-अनजाने में हुए अपराध की सजा काट रहे कैदी भाइयों ने गुरुग्रंथ साहेब का दर्शन करके गुरुवाणी पढ़ी व सुनी है। इससे उनके दुख कटेंगे।

### आस्था संग उत्साह

कमेटी प्रमुख ने बताया कि वे जल्द रिहा होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें, इसके लिए उन्हें प्रकाश पर्व का हिस्सा बनाने के लिए जेल में यह आयोजन किया गया। अंत में जेल में नितनेम का पाठ करने वाले सिख कैदियों को सिरोपा देकर सम्मानित भी किया गया। सरबत की भलाई के लिए अरदास के बाद सभी ने साध संगत के रूप में गुरु का लंगर प्राप्त किया। इस दौरान मंजीत सिंह सलूजा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, तेजिंदर सिंह होरा, हरजीत सिंह अजमानी भी प्रमुख रूप से शामिल थे।

**कैंपस लाइव**

# रंग पूजा महोत्सव : गुरु संग शिष्यों का मनमोहक नृत्य



**रायपुर।** जय भगवति देवी नमो.., वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभ... की धुन पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। देवेन्द्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर परिसर में 'रंग पूजा महोत्सव' का आयोजन किया गया। यह आयोजन ओम श्रीबालाजी नटराज नृत्य निकेतन और आंध्रा एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान रविवार को आयोजित हुआ। समारोह का आयोजन नाट्य गुरु वरलक्ष्मी राज शेखर के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर शास्त्रीय नृत्य शिक्षा प्राप्त कर 66 शिष्यों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

### गुरु-शिष्य पीढ़ी परंपरा महत्वपूर्ण

गणेश वंदना, देवी स्तुति, कुचिपुड़ी , भरतनाट्यम, कृष्ण सत्यभामा प्रसंग, हिरण्यकश्यप वध में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई।प्रतिभागी और गुरु को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधन ने कहा, मुख्य उद्देश्य पारंपरिक एवं शास्त्रीय नृत्य से लोगों को जोड़ना था। इसमें गुरु-शिष्य पीढ़ी का महत्व बताया गया। अतिथि स्वरूप डिविजनल रेलवे मैनेजर संजीव कुमार, रियल इस्पात ग्रुप अध्यक्ष राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीजी स्वामी, टी.श्रीनिवास रेड्डी, भास्कर पटनायक, एम.श्रीनिवास राव, शाला प्राचार्य डॉ. फ्रेनी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

**समाज इवेंट**

# ठंड में ज्यादा होता है वायु घनत्व इसलिए प्रदूषण का अधिक प्रभाव



**रायपुर।** बदलते मौसम में लोगों को होने वाली सेहत संबंधित परेशानियों को देखते हुए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। महाराष्ट्र मंडल में लगे स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। वहीं केंद्र सरकार की आयुष्मान स्वास्थ्य सेवा योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी जुटे। इस बीच सैकड़ों पेंशनर्स ने अपने लाइफ सर्टिफिकेट को अपडेट कराया। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक प्रशांत बक्षी के मुताबिक तेजी से बदलते मौसम की वजह से होने वाली शारीरिक समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने अपना चेकअप कराया और डॉक्टरों से परामर्श लिया।

### स्कार्फ का करें उपयोग

ज्यादातर मरीज ब्लड प्रेशर और शुगर के यहां पहुंचे थे, जिन्होंने लंबे अरसे से अपनी बीमारियों को नजरअंदाज कर रखा था। शरीर में बढ़ती तकलीफ के कारण आखिरकार उन्हें यहां आना पड़ा। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रकाश अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.नुपूर खंडेलवाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक खंडेलवाल, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सोनल बघेल, जनरल सर्जन डॉ.विशाल मोहंती, एमडी मेडिसिन डॉ. शेखर डोरले समेत अनेक डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श दिया। डॉ.शेखर डोरले ने कहा, ठंड में हवा का घनत्व अधिक होता है, जिसकी वजह से प्रदूषण का शरीर पर प्रभाव सर्वाधिक होता है। ऐसे समय मास्क, स्कार्फ, हेलमेट का उपयोग जरूर करना चाहिए।

**कर्माधाम संतोषी नगर में दिनभर रहा उत्सव का माहौल, एक हजार युवाओं ने साझा किया मंच**

# भविष्य संवारें लेकिन शादी में न करें विलंब, इससे समाज परिवार संग युवाओं को भी भविष्य में आती हैं दिक्कतें

भविष्य संवारें पर शादी में विलंब न करें, क्योंकि इससे समाज, परिवार ही नहीं आपके सामने भविष्य में भी कई तरह की दिक्कतें आती हैं। यह संदेश कर्माधाम संतोषी नगर में रविवार को समाज के मंच से युवाओं को दिया गया।



### स्वास्थ्य सेवा सहित भोजन सुविधा

प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने विभिन्न क्षेत्र से आए समाज के लोगों के बीच गॉर्जियन की तरह आयोजन के मुखिया महंत लीलाधर साहू के मार्ग-दर्शन में सक्रिय थे। वहीं केशव साहू, रघुनाथ साहू, नारायण लाल साहू, यादराम साहू, उधोप्रसाद साहू ने समाज के लोगों को बेटे-बेटियों का पंजीयन कराने, उन्हें भोजन व नास्ते की सुविधा के साथ स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिलाने में सहयोगी बने। महिला विंग की खुशी साहू, किरण साहू, सावित्री साहू, वंदना साहू, अनुसूईया साहू ने महिलाओं को सुविधा से जोड़ने के लिए भी सहयोग दिया।

**रायपुर।** मंच संचालन करते हुए केपी साहू और डॉ. तृष्णा साहू ने लगभग सभी जिले से आए समाज के युवक-युवतियों को जमा किए गए बायोडाटा के आधार पर परिचय देने के साथ ही परिवार की स्थिति से भी अवगत कराने का अवसर दिया। इस बीच हर युवक-युवती ने अपने माता-पिता, गांव, गोत्र, जिला के साथ खुद की शिक्षा और वर्तमान प्रोफेशन के बारे में बताया। जैसे-जैसे यह दौर आगे बढ़ रहा था, उनके साथ आए परिवारों के बीच में भी रिश्ते का सिलसिला भी शुरू हुआ।

### खानपान को रखें संयमित

अश्वनी साहू ने बताया कि इस सम्मेलन के बीच समाज को स्वास्थ्य जांच कराने का अवसर दिया गया। इसमें चिकित्सा सेवा से जुड़े समाज के डॉ.संदीप साहू, डॉ.डीपी साहू, डॉ.मनीष साहू, डॉ.जीवेश साहू लोगों की जांच करने के बाद उन्हें शिविर में परामर्श भी दे रहे थे। डॉ.कृष्णकांत साहू, डॉ.प्रशांत साहू, डॉ.आकांक्षा साहू, डॉ.केशव साहू, लक्ष्मीकांत साहू ने भी समाज के इस आयोजन में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क सेवा देते हुए दवा के साथ ही खान-पान को संयमित रखने की सलाह दी।



### मदद के साथ ताकत भी

सम्मेलन में मुख्य रूप में डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, संदीप साहू, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, दीपेश साहू भी शामिल हुए। सभी ने समाज को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास से समाज को मदद के साथ ताकत भी मिलती है। तैलिक महासभा की पूर्व अध्यक्ष डॉ. ममता साहू भी इस अवसर पर समाज के बीच मंचस्थ रही। सुखीराम साहू, टेमन साहू जैसे दानदाताओं की मौजूदगी में एक हजार से ज्यादा युवक- युवतियों ने परिचय दिया। जीवन साथी पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

## एक समाज, एक संगठन की तर्ज पर मानिकपुरी पनिका समाज का विलय



एक समाज, एक संगठन की तर्ज पर मानिकपुरी पनिका समाज का विलय करने का अहम निर्णय मानिकपुरी पनिका समाज ने लिया है। उन्होंने सामाजिक एकता और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विभिन्न संगठनों का विलय करके एकजुटता को प्रदर्शित किया है। यह अहम निर्णय प्रमोद बालापीर धाम महादेव घाट में आयोजित भव्य आयोजन में समाज के सभी वर्ग ने मिलकर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से खुद को सशक्त करने के संकल्प से लिया है। आयोजन में रायपुर के प्रेम दास मानिकपुरी, मोतीदास, गणेश, मनोज और प्रीतम दास मानिकपुरी ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। समाज के प्रतिनिधियों ने विभाजन को खत्म करते हुए एक समाज, एक संगठन का आदर्श स्थापित करने का निर्णय लिया।

### उन्नति के लिए एकता जरूरी

विभिन्न संगठन के लोगों ने कहा कि समाज की प्रगति व आने वाली पीढ़ी के भविष्य को एकजुटता से ही सफल बना सकते हैं। विलय के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, रोजगार और आर्थिक उन्नति के लिए सामूहिक प्रयासों की योजना बनाई। महिलाओं और युवाओं के उत्थान पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। यह भी निर्णय लिया कि समाज के सभी सदस्यों को समान अवसर प्रदान करने के लिए एकजुट होकर काम किया जाएगा। संगठन ने राजनीतिक क्षेत्र में समाज की सशक्त भागीदारी तय करने की रणनीति पर चर्चा की।

# यमराज बने चिकित्सा छात्र, बताया-अंगदान क्यों जरूरी

**डीकेएस के विद्यार्थियों ने खेला नुक्कड़ नाटक**

भारत में अंगों की कमी और जरूरत के बीच के बड़े अंतर को देखते हुए भारत सरकार ने अंगदान जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। आम जनता के साथ अंगदान की जानकारी साझा करने के लिए छग शासन की तरफ से राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन छत्तीसगढ़ ने मरीन ड्राइव तेलीबांधा में 23 व 24 नवंबर को दो दिवसीय नुक्कड़ नाटक नयी चेतना का आयोजन किया।



**रायपुर।** सामान्य लोगों तक बात पहुंचाने के लिए डीकेएस के मेडिकल स्टूडेंट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक खेला गया। यह नाटक गीतिका ब्रम्हभट्ट द्वारा रचित व निर्देशित रहा। हिंदी-छत्तीसगढ़ी भाषा में आदर्श पांडेय, दीपिका मिर्चे, सीमांत साहू, निर्मल जोशी, रौनक यादव, उत्कृष्ट घृतलहरे, सिद्धार्थ सिंह, कुलदीप साहू, तथा लोकेश कुमार सेन ने अंगदान के महत्व पर एवं त्वचा दान के मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने के लिए नाटक खेला।



### समझाई अंगदान की प्रक्रिया

*अंगदान कैसे किया जाता है, अंगदान करने से क्या होता है तक की सभी जानकारी साझा की गयी। नुक्कड़ नाटक की विशेष प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रायेग तथा यमराज के पात्र को सबसे ज्यादा सराहा गया। आयोजन में स्वास्थ्य सेवा संचालनालय, नगर निगम तथा डीकेएस अस्पताल का सहयोग शामिल रहा। राज्य नोडल अधिकारी डॉ.कमलेश जैन ने और संचालक डॉ. विनीत जैन ने बताया, आगे भी ऐसे ही जागरूकता आयोजन छात्रों द्वारा और अस्पताल प्रबंधन द्वारा किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग अंगदान के लिए प्रेरित हो सकें।*



# एआई वर्तमान की सबसे बड़ी जरुरत रोबोट तकनीक को समझें विद्यार्थी

**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में दिशा एजूकेशन सोसाइटी के सचिव एवं दिशा कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनिल तिवारी ने मशीन लर्निंग विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुआ कहा कि आज का समय एआई का समय है। समय के साथ सब को इसे सीखना होगा। उन्होंने बताया कि कैसे कंप्यूटर एआई के माध्यम से कार्य करता है, रोबोट कैसे हमारी बातों और विचारों को समझकर अपना आउटपुट देता है। दूसरे वक्ता रूप में उपस्थित पं.सुंदरलाल शर्मा विवि के कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमलाल प्रधान ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याखान में एआई का प्रयोग कैसे और किन क्षेत्रों में किया जा रहा है, इसकी विस्तार से व्याख्या की एवं इसमें रोजगार के अवसर के बारे में बताया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.शांतनु पॉल, डॉ.अनुपमा जैन, कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.प्रेम चंद्राकर, डॉ.रजत यदु सहित बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।

**चातुर्मास खत्म होने के बाद शहर की विभिन्न जगहों से जैन मुनि अब शुरू करेंगे पदविहार**

# चार महीने के बाद आज होगी जैन मुनि की विदाई, उनके साथ रहकर नए साधु-साध्वी अब सीखेंगे आध्यात्मिक तपस्या

**कार्नर न्यूज**

राजधानी में चार महीनों का चातुर्मास पूरा होने के बाद जैन साधु-साध्वी शहर से विदा हो रहे हैं। सोमवार को दादाबाड़ी में जैन दादाबाड़ी में श्री विराग मुनि के साथ नए साधु व साध्वी भी उनके साथ विहार करेंगे। आज सुबह 8 बजे आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति द्वारा मुनि को विदाई दी जाएगी।

**रायपुर।** समिति के अध्यक्ष पारस पारख ने कहा, चातुर्मास के चार महीने में शहर में दीक्षा महोत्सव के साथ बड़ी तपस्या भी हुई है, जिसमें रायपुर के साथ-साथ देशभर से भी लोग जुड़े। शहर में 51 दिनों के उपधान तप में बच्चों समेत सभी वर्ग के लोगों ने साधु जीवन में सुख-सुविधाओं का त्याग किया। मानव कल्याण के लिए सिद्धि तप भी हुआ है। इस दौरान मुनिश्री ने तपस्या से मनुष्य के अंदर छिपी हुई शक्ति के बारे में भी बताया। चातुर्मास के दौरान श्री विराग मुनि ने भी अपनी तपस्या जारी रखी।



### फरवरी में होगी बड़ी दीक्षा

दादाबाड़ी भव्य दीक्षा समारोह के बाद गच्छाधिपति जिनमणि प्रभ सागर के सानिध्य में संभवतः फरवरी में भव्य दीक्षा कार्यक्रम होगा। तब तक साधु व साध्वी जैन मुनि के सानिध्य में रहते हुए आध्यात्मिक ज्ञान का अध्ययन करेंगे। राजधानी में पहली बार दीक्षा महोत्सव में देश के बड़े संतों ने दादाबाड़ी पहुंचे हुए थे। पांच दिनों तक चले महोत्सव में जैन पंरपराओं को लोगों ने करीब से देखा।

चातुर्मास समिति के अनुसार, आज दादाबाड़ी से पदविहार करते हुए सदर जैन में मंदिर जाएंगे। इस दौरान दूसरे दिन रहने के बाद वालफोर्ट सिटी में भी रहेंगे। इसके बाद वे पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से होते हुए देश के अलग-अलग राज्यों की ओर विहार करेंगे। सांसारिक जीवन त्याग करने के बाद श्री विराग मुनि के साथ नए साधु स्वस्ति भद्र मुनि, सोनभद्र मुनि, अरिष्ट लब्धि श्रीजी भी रहेंगे। इस दौरान त्याग और तपस्या को सीखेंगे। श्री विराग मुनि उन्हें वैराग्य जीवन के लिए परिपक्व बनाएंगे।

### अन्य जगहों से भी मुनि करेंगे विहार

इस बार शहर में दर्जनभर जगहों पर जैन मुनि का चातुर्मास हुआ है। दादाबाड़ी में दीक्षा समारोह में सभी मुनि शामिल हुए थे। उनकी भी विदाई आज होगी। श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी का इस बार चातुर्मास हुआ था। अब विवेकानंद से पद विहार कर कुछ दिनों के लिए शहर के फाफाडीह स्थित जैन मंदिर में रहेंगे। इसके अलावा मुनिश्री सुधाकर आज मोवा पदविहार कर कचना जाएंगे। चातुर्मास के दौरान मुनिश्री ने शहर में विभिन्न कार्यक्रम के जरिए तनाव को दूर के नियम लोगों को बताए हैं। राजधानी में चातुर्मास करने वाले ज्यादातर संत कुछ दिनों तक रायपुर के आस-पास क्षेत्रों में ही रहेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटरनेशनल बैडमिंटन सीरीज के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हर्षित



**रायपुर।** राजधानी रायपुर निवासी हर्षित ठाकुर ने बहरीन इंटरनेशनल बैडमिंटन सीरीज 2024 में शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। पहले दौर में हर्षित ने असाधारण कौशल और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए बहरीन के खिलाड़ी को हराया। अपनी मजबूत परफॉर्मेंस जारी रखते हुए उन्होंने दूसरे दौर में प्रसिद्ध ईरानी खिलाड़ी को हराया, जिसने हाल ही में बहरीन इंटरनेशनल सीरीज में कांस्य पदक जीता था। प्री-क्वार्टर फाइनल में हर्षित ने अपनी जीत की लय को बनाए रखा और एक बार फिर एक बहरीन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हर्षित को एनटीपीसी कोरबा के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) विंग द्वारा स्पांसरशिप प्रदान की गई है। इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हर्षित की उल्लेखनीय उपलब्धि उनके बैडमिंटन के प्रति समर्पण और प्रतिभा को दर्शाती है। इसे एनटीपीसी कोरबा के सीएसआर पहल के समर्थन ने और भी प्रबल किया है, जिसने उनकी खेल में भागीदारी और विकास को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा में 275 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आवंटित सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दो दिवसीय 22 और 23 नवंबर तक आयोजन श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय, कचहरी चौक द्वारा विवेकानंद स्टेडियम कोटा में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 35 महाविद्यालयों की टीम से प्रतिभागी हुए तथा कुल 275 छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन महिला एवं पुरुष वर्ग में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. सुरेंद्र शुक्ला तथा हरिवल्लभ अग्रवाल प्रबंध समिति सदस्य, श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई तथा विभिन्न महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रिंकू तिवारी, रूपेंद्र सिंह चौहान, शिवशंकर पांडे, डॉ. प्रकाश चंद्रवंशी, वीरेंद्र, डॉ. चंद्रशेखर बंदे तथा आयोजन सचिव डॉ. प्रेमशंकर, डॉ. पद्मा शर्मा, डॉ. स्मृति अग्रवाल, डॉ. रेणुका बक्शी विभिन्न महाविद्यालय से आए समस्त क्रीड़ा अधिकारी, प्रतिभागी एवं विजेता छात्र-छात्राएं, महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेल्थ टिप्स

### प्लांट बेस्ड प्रोटीन डाइट में शामिल करने से मिलते हैं बड़े फायदे

अच्छी डाइट रखना हेल्दी लाइफ के लिए काफी जरूरी है। हम जो भी डाइट लेते हैं वह सीधे हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालता है।

अच्छी डाइट हमें आवश्यक पोषक तत्व, विटामिन्स, मिनरल्स, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स और फैट्स देने का काम करती है। इसलिए हमें अपने डाइट का खासा ख्याल रखना चाहिए।

**प्लांट बेस्ड फूड में शामिल हैं ये आहार :** प्लांट बेस्ड फूड से हमें प्रोटीन मिलता है। इनमें फल, सब्जियां, फलियां, नट्स, सीड्स, होल ग्रेन आदि शामिल होते हैं। प्लांट बेस्ड डाइ में कई उत्पादों को शामिल नहीं किया जाता है।


प्लांट बेस्ड फूड में फल (जैसे सेब, केला, आम), सब्जियां (जैसे पालक, गाजर, टमाटर), दालें और फलियाँ (जैसे मसूर दाल, चना, राजमा), अनाज (जैसे चावल, गेहूं, ओट्स), नट्स और बीज और पौधों से बनी दूध (जैसे बादाम दूध, सोया दूध) शामिल है।

**प्लांट-बेस्ड डाइट से मिलने वाले फायदे :** प्लांट बेस्ड फूड अधिक फाइबर, विटामिन, मिनरल्स, और एंटीऑक्सीडेंट्स देने का काम करता है जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। पशु उत्पादों के मुकाबले पौधों से भोजन उत्पादन में कम संसाधनों का उपयोग होता है और यह पर्यावरण पर कम दबाव डालता है।

हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और ब्रेन स्ट्रोक होने का जोखिम अधिक

# हाई ब्लड प्रेशर के इन लक्षणों से अधिकतर लोग रहते हैं अनजान, ऐसे संकेतों को भांप कर हो जाएं सावधान

ब्लड प्रेशर बढ़े रहने को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है, इससे सबसे ज्यादा खतरा हृदय स्वास्थ्य को रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है उनमें हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और ब्रेन स्ट्रोक होने का जोखिम अधिक होता है। इसे कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है, भले ही आपकी उम्र कम है और आपको पहले ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं रही है। डॉक्टर कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करते रहना और इसके लक्षणों पर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं, कई ऐसी स्थितियां हैं जो ब्लड प्रेशर बढ़ाने वाली हो सकती हैं। ज्यादा नमक खाना, तंबाकू या शराब का सेवन, अक्सर तनाव लेते रहना रक्तचाप को बढ़ाने वाली स्थितियां हैं। इसके अलावा कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारियों जैसे किडनी की समस्या, मधुमेह और स्लीप एपनिया के शिकार लोगों में भी इसका जोखिम देखा जाता रहा है। ब्लड प्रेशर के कई लक्षण ऐसे हैं जिससे आमतौर पर हम में से अधिकतर लोग अनजान होते हैं। आइए इस बारे में जानते हैं।



### ब्लड प्रेशर बढ़ने पर क्या होता है?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ने का शरीर पर कई प्रकार से असर हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता होती है। कई मामलों में हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों में कोई लक्षण नहीं होते। वहीं जिन लोगों को अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है उनको कुछ तरह की समस्याएं हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के कारण सिरदर्द और सीने में दर्द, चक्कर आना, मतली और उल्टी, धुंधला दिखाई देना, सुन्नता या कमजोरी, नाक से खून आने की समस्या होना आम है। इसके अलावा भी कुछ संकेत हैं जिसपर सभी लोगों को ध्यान देते रहना चाहिए।

### सांस लेने में तकलीफ होना

सांस की तकलीफ का अनुभव करना, विशेष रूप से शारीरिक गतिविधि के दौरान बहुत आम है। हालांकि अगर आपको अक्सर ये दिक्कत होती रहती है, यहां तक कि आराम करते समय भी अगर आपका सांस फूलते रहता है तो ये उच्च रक्तचाप का संकेत हो सकता है। सर्दियों के दिनों में ठंडी हवा के कारण वायुमार्ग संकुचित हो जाती है। इसके कारण उच्च रक्तचाप वाले व्यक्तियों के लिए सांस लेना अधिक हो सकता है। यदि आप असामान्य रूप से सांस फूलने की दिक्कत महसूस करते रहते हैं तो अपने ब्लड प्रेशर की जांच जरूर करा लें।

### नाक से खून आना

नाक या मुंह पर चोट लगने के कारण नाक से खून आने की दिक्कत हो सकती है हालांकि अगर आपको बिना किसी कारण के नाक से खून आ रहा है तो ये उच्च रक्तचाप का संकेत हो सकता है। खासकर सर्दियों में शुष्क और ठंडी हवा के कारण नाक की झिल्लियों के भंगुर होने का खतरा रहता जिससे आपको रक्तस्राव हो सकता है। जिन लोगों को अक्सर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बनी रहती है उनमें भी इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है।

### धुंधला दिखने की दिक्कत

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि जिन लोगों का रक्तचाप 180/120 या उससे अधिक हो जाता है, उन्हें दृष्टि में बदलाव जैसे कि धुंधलापन का अनुभव हो सकता है। ब्लड प्रेशर हाई होने से आंखों के भीतर छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने लगता है। लंबे समय से बने रहने वाली इस समस्या के कारण आपको धुंधला दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की अन्य दिक्कतें भी हो सकती हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने बताया कि उच्च रक्तचाप से जूझ रहे कुछ लोगों में दृष्टि संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।



## जीवन में चिंता और उदासी को दूर कर देगी आपकी ऐसी आदतें

ऐसा लगता है कि, लाइफ में चिंता और उदासी होना आम बात सी हो गई है। आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, चिंता और उदासी की भावनाएँ अक्सर हम पर हावी हो जाती है। हालाँकि, कुछ आदतें अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। जिनके बारे में आपको जानना जरूरी है।

### नियमित व्यायाम

जीवन की चिंता और उदासी से निपटने के लिए व्यायाम सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। क्या आप जानते हैं? शारीरिक गतिविधि करने से बॉडी में एंडोर्फिन जारी होती है, जो प्राकृतिक मूड लिफ्टर हैं। शारीरिक गतिविधियों में चाहे तेज चलना हो, योग करना हो या जिम टाइम हो। नियमित व्यायाम करना आपके दिमाग और शरीर को संतुलन में रखने में मदद कर सकता है।

### माइंडफुलनेस और मेडिटेशन


माइंडफुलनेस और मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करने से तनाव का स्तर काफी हद तक कम हो सकता है। इसका रेगुलर अभ्यास आपको वर्तमान में जीने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता हैं। आपके इस आदत से अतीत के पछतावे या भविष्य की चिंताओं पर सोचने की प्रवृत्ति कम होने लग जाती है। प्रत्येक दिन कुछ मिनटों का ध्यान करना भी बड़ा अंतर ला सकता है।

### हेल्दी भोजन



एक्सरसाइज और ध्यान करने के अलावा, पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार भी आपके मूड पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से भरपूर आहार जहां एक तरफ मेन्टल हेल्थ को ठीक रखता है। वहीं, इससे चिंता और उदासी के लक्षणों को कम करने में भी मदद मिलती है। अत्यधिक चीनी और कैफीन से बचें, जिससे मूड में बदलाव हो सकता है।

### पर्याप्त नींद



मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहने के लिए नींद काफी महत्वपूर्ण है। कम सोने या नींद में कमी व्यक्ति के जीवन में चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि, आपके दिमाग और शरीर को अच्छी तरह से आराम मिले प्रति रात 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद का लक्ष्य रखें।

### सोशल कनेक्शन

एक मजबूत सोशल कनेक्शन भावनात्मक रूप से ठीक रहने के लिए जरुरी हैं। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं, सामाजिक गतिविधियों में शामिल हों और ज़रूरत पड़ने पर अपने कनेक्शन से समर्थन मांगें। मीनिंगफुल रिश्ते अपनेपन की भावना प्रदान करते हैं और अलगाव की भावना को कम करते हैं।

## एल्युमीनियम फॉइल के इस्तेमाल से सब्जियां और फल रहेंगे फ्रेश

क्या आप भी एल्युमीनियम फॉइल का यूज केवल खाना कवर करके गर्म रखने तक समझती हैं, तो आप शायद गलत हैं। आज हम आपके सिल्वर फॉइल को और किन तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। उसके कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनको आप भी एक बार जरूर आजमा कर देखें।

### अपनाएं ये एल्युमीनियम फॉइल हैक्स

आज हम आपको इन सबके अलावा आप कैसे इस एल्युमीनियम फॉइल की मदद से अपनी सब्जियों और फलों को खराब होने से बचा सकती हैं। उसके हैक्स बताने जा रहे हैं। जिससे आप अपनी बहुत सी खराब हो जाने वाली चीजों को बचा पाएंगी।

### अदरक नहीं सूखेगी

अक्सर हम लोग फ्रिज में या बाहर ऐसे ही अदरक रख देते हैं, जो कि सूखने लगती है। यदि आप अदरक को एल्युमिनियम फॉइल में लपेटकर रखेंगी तो वो बिल्कुल नहीं सूखेगी।

### कटा हुआ सेब

कटा हुआ सेब चाहे जितना भी



ढककर रख दो वो काला पड़ ही जाता है। लेकिन आप यदि कटे सेब को पेपर फ़ॉइल में लपेटकर फ्रिज में रखेंगी तो वो कभी काला नहीं होगा।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

सर्दियों में आने वाली हरे पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ और हरा धनिया एकदम हरा भरा रखना चाहती हैं, तो आप इसको सिल्वर फॉइल में फोल्ड करके फ्रिज में रखें। आप जब भी इसको निकालेंगे ये बिल्कुल हरा-भरा मिलेगा।

### केला फ्रेश रखने के लिए

यदि आप केले का पूरा बंच ले आएं हैं और आपको उसके खराब होने का डर है तो आप उसके ऊपर वाले भाग पर एल्युमीनियम फॉइल लपेट दें। आपके केले चार पांच दिन तक खराब नहीं होंगे।

## क्या घर में दो शिवलिंग रखे जा सकते हैं?

अगर आप भी घर के मंदिर में शिवलिंग रखती हैं और उसकी नियम से पूजा करती हैं तो आपके लिए ये जान लेना भी जरूरी है कि घर में कितने शिवलिंग रखने चाहिए।

हिंदू धर्म में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। शिवलिंग को शिव की ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है और मान्यता है कि इसे घर में स्थापित करने से शांति, सकारात्मकता और समृद्धि का आगमन होता है।

घर में शिवलिंग रखने से आपके रहने की जगह में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक महत्व आ बना रहता है। भगवान शिव के कई भक्त अक्सर यह सोचते हैं कि क्या घर में दो शिवलिंग रखना उचित है या नहीं। इस सवाल का जवाब व्यक्तिगत मान्यताओं और धार्मिक ग्रंथों की व्याख्याओं के आधार पर भिन्न-भिन्न होता है।

हिंदू धर्म में, शिवलिंग भगवान शिव के निराकार रूप का प्रतीक माना जाता है और उनकी दिव्य ऊर्जा का एक शक्तिशाली प्रतिनिधित्व करता है। घर में शिवलिंग रखने से आपके घर का आध्यात्मिक वातावरण बढ़ता है, लेकिन आपको घर में कितने शिवलिंग रखने चाहिए, जिससे घर का वातावरण अनुकूल हो सके, इसके बारे में जानकारी लेना जरूरी होता है। अगर आप भी घर के मंदिर में शिवलिंग



रखती हैं तो इस बारे में ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें।

### शिवलिंग रखने का महत्व और स्थापना के नियम

शिवलिंग को सृष्टि के निर्माण, पालन और संहार का प्रतीक माना जाता है। यह शिव और शक्ति के अनंत स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है। घर में शिवलिंग स्थापित करने से व्यक्ति के जीवन में शांति, ऊर्जा और आध्यात्मिक विकास होता है। लेकिन इसकी स्थापना से जुड़े नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर आप घर में शिवलिंग स्थापित करते हैं तो आपको शिवलिंग की पूजा नियमित रूप से जल, दूध और बेलपत्र चढ़ाकर करनी चाहिए। शिवलिंग का पूजन हमेशा शुद्धता और समर्पण के साथ करना चाहिए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री
चादरे सैट 9x9 425/-
तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी
गद्दा सादा 220/-
मैट्रेस लेस 30% से 60%
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा
फाईबर तकिया 250/- जोड़ी
प्रोट्रेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर
लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी
सोफा कमबेड कम्फर्टर कबल
तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV Biometrics Fire Safety
Video Conf. Networking & IT Solutions Vehicle Traking

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में !
इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं !
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712
7880002704

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# जेन मलिक ने कॉन्सर्ट के दौरान दी लियाम पायने को ट्रिब्यूट

गायक जेन मलिक अपने 'स्टेयरवे टू द स्काई' टूर पर हैं। इसी बीच उन्होंने अपने पहले कॉन्सर्ट के दौरान पूर्व 'वन डायरेक्शन' बैंडमेट लियाम पायने को ट्रिब्यूट दिया। 16 अक्तूबर को 31 साल की उम्र में पायने की असामयिक निधन ने उनके प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया। इस सप्ताह की शुरुआत में लियाम के अंतिम संस्कार के बाद मलिक ने 23 नवंबर को पहली बार परफॉर्म किया। गायक ने पहले कॉन्सर्ट में गाने गाए इसके बाद उन्हें आखिरी में लियाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते और भावुक होते देखा गया। पूर्व 'वन डायरेक्शन' गायक ने लियाम पायने को याद करते हुए प्रोजेक्टर की मदद से मंच पर एक संदेश प्रसारित किया। लियाम के नाम और उनकी जन्म तिथि और निधन के विवरण के साथ 'लव यू भाई' लिखा हुआ था। इस जेस्चर ने 'वन डायरेक्शन' के प्रशंसकों को भावुक कर दिया है। जेन की पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए एक प्रशंसक ने लिखा, 'यह बहुत अच्छा है लेकिन साथ ही दुखद भी है।' पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए दूसरे यूजर ने लिखा, 'जेन की ओर से लियाम को दी गई ये श्रद्धांजलि भावुक करने वाली है।' एक अन्य ने टिप्पणी की, 'यह असली प्यार और सम्मान है।' वहीं, एक और यूजर लिखते हैं, 'मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि उस पल उन्होंने क्या महसूस किया था।' इस सप्ताह की शुरुआत में, हैरी स्टाइल्स, जेन मलिक, लुइस टॉमलिंसन और नियाल होरन लियाम पायने के अंतिम संस्कार में उन्हें अंतिम सम्मान देने के लिए फिर से एकत्र हुए।




### टॉलीवुड

# गेम चेंजर' का तीसरा गाना आएगा अगले हफ्ते, निर्माताओं ने दी जानकारी

राम चरण की आगामी फिल्म 'गेम चेंजर' इस वक्त काफी चर्चा बटोर रही है। फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म के तीसरे गाने को लेकर जानकारी सामने आई है। फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा कर बताया है कि फिल्म का तीसरा गाना 28 नवंबर 2024 को रिलीज हो रहा है।

निर्माताओं ने रविवार को फिल्म के तीसरे गाने की रिलीज की जानकारी साझा की है। फिल्म की टीम ने इसके आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक शानदार पोस्टर साझा कर बताया कि फिल्म का तीसरा गाना 28 नवंबर 2024 को रिलीज होगा। हालांकि, उन्होंने फिल्म के गाने का शीर्षक नहीं बताया है। कहा जा रहा है कि फिल्म का ये गाना थमन द्वारा बनाया गया है। मेगा पावरस्टार राम चरण की ये फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए तैयार हैं। शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित इस राजनीतिक ड्रामा में कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में हैं। दिल राजू इस राजनीतिक ड्रामा के निर्माता हैं, जिन्होंने वेंकटेश्वर क्रिएशंस के बैनर तले इसका निर्माण किया है। फिल्म में अंजलि, एसजे सूर्या, नवीन चंद्रा, श्रीकांत और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।

बताते चलें कि कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक शंकर ने हाल ही में फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू किया है। कुछ रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है कि फिल्म निर्माता अब फिल्म के कुछ हिस्सों को फिर से शूट करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसे एक संक्षिप्त शेड्यूल में पूरा किया जाएगा। इस वजह से फिल्म की रिलीज डेट में भी बदलाव किया गया है। पहले यह फिल्म 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार थी, जिसके बाद अब ये अगले साल जनवरी में रिलीज होगी।



### भोजपुरी

# प्रदीप की नई फिल्म 'सोठउरा खइहे सासुजी' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी फिल्म 'सोठउरा खइहे सासुजी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। तीन मिनट और 31 सेकेंड लंबा ट्रेलर काफी मजेदार है। इसे देखकर हंसी भी आती है और यह एक खास मैसेज भी देता है। 'सोठउरा खइहे सासुजी' एक सामाजिक और पारिवारिक फिल्म है। इसमें गौरव झा, ऋचा दीक्षित, अवधेश मिश्रा, देव सिंह, अनीता रावत, निशा सिंह और रोहित सिंह मटरू मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब और प्रतीक सिंह ने दर्शकों को एक मनोरंजक और भावनात्मक सफर का वादा किया है।

'सोठउरा खइहे सासुजी' की कहानी बेहद मजेदार है। इस तरह की स्टोरी लाइन वाली फिल्में भोजपुरी में कम ही आती हैं, लेकिन फिल्म के निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) ने इस फिल्म को ना सिर्फ बखूबी पर्दे पर उतारा है, बल्कि भोजपुरी फिल्ममेकर्स के सामने एक नजीर भी पेश की है।

निर्माता प्रदीप सिंह ने ट्रेलर लॉन्च के बाद कहा, ''सोठउरा खइहे सासुजी' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि हर घर की कहानी है। यह पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं और उनमें छिपी मिठास को बड़े ही मनोरंजक और संवेदनशील अंदाज में पेश करती है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमने इस फिल्म के जरिए समाज को हंसाने के साथ-साथ एक मजबूत संदेश देने की कोशिश की है।



## लाइफ स्टाइल

### लंदन की तैयारी



लंदन फैशन वीक में दुनिया भर के डिजाइनर और माडल्स इकट्ठा होते हैं। यहां किसी भी फैशन शो के लिए एक लंबी और अनुशासित तैयारी चलती है। माडल कई बार रैम्प पर चलने का अभ्यास करती हैं और डिजाइन को अपना कलेक्शन फाइनल करने में भी वक्त लगता है। इन सबके बाद दर्शकों के सामने होने वाला शो पूरी दुनिया में धूम मचाता है।

# बालों में ज्यादा शैंपू लगाने से क्या होता है ? सिर धोने से पहले आप भी जरूर जान लें

वैसे तो बालों को सही से साफ करने के लिए शैंपू का इस्तेमाल सबसे सही रहता है, लेकिन इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपके बालों पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है।

### कम होगी बालों की नमी

यदि आप नियमित रूप से बालों में जैसे सल्फेट्स और पैराबेन्स वाले शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो ये बालों और स्कैल्प की प्राकृतिक नमी को हटा सकते हैं, जिससे बाल रूखे और बेजान हो सकते हैं। ऐसे में यदि शैंपू इस्तेमाल कर रहे हैं तो वो सल्फेट्स और पैराबेन्स रहित होने चाहिए।

### स्कैल्प पर होगी खुजली

ज्यादा शैंपू करने से स्कैल्प की त्वचा काफी ड्राई हो जाती है, जिससे खुजली और डैंड्रफ की समस्या हो सकती है। कई बार तो ये खुजली इतनी ज्यादा बढ़ जाती है, कि इसकी वजह से खुजली में खून तक आने लगता है। ऐसे में ऐसे शैंपू के इस्तेमाल से बचें, जिससे स्कैल्प ड्राई हो।

### बाल होंगे कमजोर

बार-बार और ज्यादा शैंपू लगाने से बालों की बाहरी परत डैमेज हो सकती है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। ऐसमें हफ्ते में ज्यादा से ज्यादा तीन बार ही अपने बाल शैंपू से धोएं। वरना आपको काफी परेशानी हो सकती है।



### खो सकता है स्कैल्प के प्राकृतिक तेल का संतुलन


हर किसी के बालों में प्राकृतिक तेल की परत होती है, जो उन्हें सुरक्षा और पोषण देती है। ज्यादा शैंपू इस परत को खत्म कर देता है, जिससे स्कैल्प या तो बहुत ड्राई या जरूरत से ज्यादा ऑयली हो सकता है। इससे भी बाल काफी कमजोर हो जाते हैं।

# इन टिप्स को अपनाकर स्टाइल करें फ्लोरल ब्लेजर, दिखेंगी बेहद खूबसूरत




फ्लोरल ब्लेजर में आपका लुक यकीनन बेहद ही रिफ्रेशिंग लगता है। हालांकि, इसे सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी है। फ्लोरल ब्लेजर को स्टाइल करते हुए आप कुछ टिप्स को अपना सकती हैं।

फ्लोरल ब्लेज़र एक ऐसा आउटफिट है, जो किसी भी लुक में काफी अच्छा लगता है। फिर भले ही आपने किसी पार्टी में जाने का मन बनाया हो या फिर ऑफिस के लिए रेडी हो रही हों, आप फ्लोरल ब्लेज़र को आसानी से स्टाइल कर सकती हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि फ्लोरल ब्लेज़र एक वर्सेटाइल पीस है, जो आपके लुक को बेहद रिफ्रेशिंग बनाता है। हालांकि, एक परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए इसे सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी है। आप इसकी मदद से केजुअल और पॉलिश्ड लुक दोनों क्रिएट कर सकती हैं।



### बाकी आउटफिट को रखे सिंपल

यूं तो फ्लोरल ब्लेज़र एक रिफ्रेशिंग लुक देते हैं, लेकिन व आपके लुक को इंस्टेंट चेंज करते हैं और आपको एक बोल्ड टच दे सकते हैं। इसलिए, आपको अपने बाकी आउटफिट को बैलेंस तरीके से पहनना चाहिए। उदाहरण के लिए आप फ्लोरल ब्लेज़र को न्यूट्रल या मिनिमल पीस के साथ पेयर करें। प्लेन व्हाइट या ब्लैक टॉप या शर्ट के साथ फिटेड ट्राउज़र या सिंपल पेंसिल स्कर्ट के साथ फ्लोरल ब्लेज़र को पेयर किया जा सकता है। ध्यान दें कि आप अपने बेस आउटफिट के लिए न्यूट्रल टोन जैसे व्हाइट, बेज या ग्रे को चुनें।



### जींस के साथ करें पेयर

अगर आप फ्लोरल ब्लेज़र को रिलैक्स्ड और कैज़ुअल लुक में पहन रही हैं तो ऐसे में फ्लोरल ब्लेज़र को जींस के साथ पहनना काफी अच्छा आइडिया हो सकता है। डेनिम जींस के साथ फ्लोरल ब्लेज़र का लुक काफी स्टनिंग लगता है। कोशिश करें कि आप इसके साथ स्किनी या स्ट्रेट-लेग जींस बेहतरीन विकल्प हैं।

# त्वचा के लिए वरदान है रसोई मिल जाएंगे आपको कई उपाय


अगर आप घर बैठे ही ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं तो रसोई में रखी चीनी से स्क्रब तैयार करें। सुनकर हैरानी हुई न, लेकिन ये सच है। चीनी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी त्वचा का ग्लो बरकरार रखने में मदद करते हैं। ऐसे में आप इससे स्क्रब बनाकर अपनी त्वचा को और निखार सकती हैं।

### चीनी और नारियल तेल स्क्रब

इस स्क्रब को तैयार करने के लिए आपको चीनी के साथ-साथ नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पिसी हुई चीनी में नारियल का तेल मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में हल्के हाथ से मसाज करें। थोड़ी देर के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

### चीनी और शहद

अगर आपके पास शहद भी उपलब्ध है तो चीनी में शहद मिक्स करके उसका पेस्ट बनाएं। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस डालें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और फिर अपनी चमकती त्वचा देखें।



### चीनी और कॉफी

कॉफी और चीनी दोनों में ही ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिनके त्वचा डिटॉक्सिफाई होती है। इसके लिए चीनी, कॉफी और जैतून के तेल को अच्छी तरह से मिक्स करके इसका पेस्ट बनाएं। अब इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथ से मसाज करें। इससे आपकी त्वचा भी खिल उठेगी।

### चीनी और नींबू स्क्रब

इस स्क्रब को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लेकर उसमें जैतून का तेल लें। अब इसमें नींबू का रस और जैतून का तेल मिक्स करें। इस स्क्रब को चेहरे पर लगाकर स्किन की सही से मालिश करें।

# चेहरे के मुंहासों से हैं परेशान तो ये नुस्खे आएंगे आपके काम

मुंहासे एक आम समस्या है जो चेहरे की खूबसूरती को प्रभावित कर सकती है। लेकिन कुछ घरेलू और प्राकृतिक नुस्खे अपनाकर आप इसे नियंत्रित कर सकते हैं।

**नीम :** यदि आपके घर के आस-पास नीम का पेड़ हैं तो नीम की पत्तियों को पीसकर इसका पेस्ट बनाएं और इसे मुंहासों पर लगाएं। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं। इससे चेहरे की कई अन्य परेशानियां भी दूर होती हैं।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा का पौधा लगभग हर घर में रहता ही है। ऐसे मे हर रोज ताजे एलोवेरा जेल को सीधे चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाता है, सूजन कम करता है, और त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। त्वचा को जब ठंडक मिलती है तो मुंहासों में कमी आ जाती है।

**शहद और दालचीनी का पैक:** इस पैक के इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी। इसके इस्तेमाल के लिए एक चम्मच शहद में 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाकर 10-15 मिनट तक रखें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इससे मुंहासों के बैक्टीरिया मारने में मदद मिलती है।



**टमाटर का रस:** टमाटर तो आजकल काफी सस्ते भी हैं। ऐसे में आप टमाटर का रस चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। ये त्वचा के तेल को नियंत्रित करता है और मुंहासों को कम करता है।

## कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में चेहरा संवारना सबसे पहली जरूरत, अपनाएं जरूरी टिप्स

# सुबह-सुबह चेहरे पर दिखेगी अलग ही रौनक बस सोने से पहले करनी होगी जरा सी मेहनत

*चेहरे को साफ रखना बहुत ज़रूरी है। रोज़ाना चेहरे को अच्छी तरह धोने से धूल-मिट्टी फेस पर जमा नहीं होते हैं। चेहर पर एक अच्छा मॉइस्चराइज़र और सनस्क्रीन इस्तेमाल करना फायदेमंद होता है। आजकल के भागदौर भरी जिंदगी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने चेहरे का ख्याल किस प्रकार रख सकते हैं। रात के समय अपने चेहरे की देखभाल करना बहुत ज़रूरी है। क्योंकि यह वह समय होता है जब आप दिन भर की भागदौड़ के बाद कुछ वक्त अपने लिए निकालते हैं। प्रदूषण, तनाव और अस्वस्थ जीवनशैली के कारण आजकल युवा चेहरे भी फीके दिखने लगे हैं।*



### चेहरे पर झुर्रियां, मुंहासे और पिगमेंटेशन आम समस्याएं

चेहरे पर झुर्रियां, मुंहासे और पिगमेंटेशन आम समस्याएं हैं जो न केवल किसी की शक्ल-सूरत को प्रभावित करती हैं बल्कि आत्मविश्वास को भी गिराती हैं। सोने से पहले स्किनकेयर रूटीन को लागू करने से इन त्वचा संबंधी समस्याओं से निपटा जा सकता है, आइए जानते हैं कि आप अपने चेहरे की हिफाजत किस तरह कर सकते हैं।

### गुलाब जल चेहरे के लिए फायदेमंद

रात के समय चेहरे को अच्छी तरह धोना बहुत जरूरी है। क्योंकि चेहरे पर मौजूद गंदगी मुंहासे और फुंसियों की समस्या को बढ़ा सकता है। कोमल और प्रभावी सफाई के लिए गुलाब जल का उपयोग करना उचित है। गुलाब जल चेहरे के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकता है।

### चेहरा धोना बहुत ज़रूरी

किसी भी गंदगी और प्रदूषक को हटाने के लिए क्लींजर से अपना चेहरा धोना बहुत ज़रूरी है। इसके लिए आप अपनी त्वचा के प्रकार से मेल खाने वाले क्लींजर का चयन कर सकते हैं। गुनगुने पानी से धोने से पहले अपने चेहरे पर धीरे से मालिश करें, इससे आपकी त्वचा तरोताज़ा और साफ़ महसूस करेगी।



### चेहरे को साफ सूती कपड़े से सुखाएं

चेहरे को साफ करने के बाद अपने चेहरे को साफ सूती कपड़े से सुखाएं। ध्यान रखें कि रगड़ने के बजाय धीरे से थपथपाएं। इसके बाद, अपनी त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने के लिए स्प्रे बोतल या कॉटन बॉल का उपयोग किया जा सकता है। सीरम किसी भी स्किनकेयर रूटीन का अभिन्न अंग है, खासकर रात में, क्योंकि वे झुर्रियों, काले धब्बों और मुंहासों जैसी समस्याओं से लड़ता है।